माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



25वां रोज़ा इफ्तार
15 मार्च रविवार
सुन्नी...................... 06:29
शिया...................... 06:42

26वां रोज़ा सहरी
16 मार्च सोमवार
सुन्नी...................... 05:03
शिया...................... 04:08



हाजी ज़ियाउर्रहमान
वरिष्ठ नेता लोकदल

# गोली मारकर युवक ने की आत्महत्या

**कंबल वाला कालोनी निवासी चन्द्रपाल सिरोही एडवोकेट का पुत्र है मृतक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शनिवार को कंबलवाला कालोनी में युवक ने लाइसेंसी बंदूक से गर्दन में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। युवक काफी समय मानसिक तनाव से जूझ रहा था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्वजन से पूछताछ करने के साथ आत्महत्या स्थल का मुआयना किया।

इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार शर्मा ने बताया कि 38 वर्षीय विवेक पुत्र चंद्रपाल सिरोही निवासी कंबल वाला ने दोपहर को अपने कमरे के अंदर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। चंद्रपाल सिरोही कचहरी में अधिवक्ता थे, जो क्रिमिनल डीजीसी भी रहे हैं। उनकी वर्ष 2025 में मृत्यु हो चुकी है। उनके नाम ही बंदूक का लाइसेंस था। बताया कि युवक का उसकी पत्नी से वर्ष 2016 में तलाक हो गया था। उसके बाद वह तनावग्रस्त रहता था। विवेक एसडी मैनेजमेंट डिग्री कालेज में लेखा विभाग में काम करता था। शनिवार को घर पर उसकी मां और बड़े भाई के नाबालिक बच्चे थे। गोली चलने की आवाज पर स्वजन दौड़कर पहुंचे। लहूलुहान विवेक को अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया है। इंस्पेक्टर के अनुसार स्वजन से पूछताछ की गई है। लाइसेंसी बंदूक को कब्जे में लिया गया है। युवक के द्वारा आत्महत्या किए जाने के बाद समाजवादी पार्टी के सांसद हरेंद्र मलिक समेत कई अधिवक्ताओं ने कंबलवाला बाग पहुंचकर शोक संतृप्त स्वजन का ढांढस बंधाया।

## मारपीट में बुजुर्ग पर हमला कर किया घायल

**मोरना।** दौलतपुर गांव में रुपयों के लेनदेन का विवाद में मारपीट हो गयी जिसमे लाठी-डंडे चलने से भगदड़ मच गई बीच बचाव कराने गए एक बुजुर्ग भी गम्भीर रूप से घायल हो गया। पैसे मांगने पर कुछ युवकों ने लाठी डंडो से युवक पर हमला कर दिया था जब उसने घर जाकर अपने चाचा अब्दुल करीम को पूरी घटना बताई। अब्दुल करीम आरोपियों से बात करने पहुंचे तो वहां विवाद और भड़क गया और इसी दौरान उनकी बहन ने डंडा उठाकर अब्दुल करीम के सिर पर तेज वार कर दिया। जिससे अब्दुल करीम घायल होकर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तुरंत भोपा सीएचसी भिजवाया।

# जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** लोक अदालत का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिरेन्द्र कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जनपद न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत में होने वाले फैसले में हार जीत का कोई प्रश्न नहीं रह जाता है,

जनपद न्यायाधीश ने बैंक अधिक. ारियों को यह निर्देश दिया गया कि वे ऋण के मामलों में ग्राहकों को अधि. कतम छूट देते हुए प्रकरणों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। लोक अदालत में पारिवारिक न्यायालयों के द्वारा 162 मामलों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया। लोक अदालत के नोडल अधिकारी अपर जिला जज रवि कुमार दिवाकर ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत विवादों को सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारित कराने का एक बहुत बड़ा माध्यम है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सिविल जज (सीडि) / सचिव, डॉ. सत्येन्द्र कुमार चौधरी ने कहा कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल चार लाख इक्कीस हज़ार आठ सौ पन्द्रह (4,21,815) प्रकरण निस्तारित किये गये। पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण आदेश नैन के द्वारा कुल 85 वादों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में किया गया व 8,97,98,000/-रूपये प्रतिकर प्रदान किया गया। जनपद न्यायालय मुजफ्फरनगर, के विभिन्न न्यायालयों के द्वारा कुल 7218 शमनीय फौजदारी एवं 50 दीवानी वादों का निस्तारण करते हुए शमनीय फौजदारी यादों मे 20,64,130/- रूपये का अर्थदण्ड वसूल किया गया तथा दीवानी वादों में 86,93,990.47/-रूपये का उत्तरा. धिकार आदि का अनुतोष प्रदान किया गया। जनपद न्यायालय , 138 एनआई एक्ट न्यायालय के द्वारा कुल 17 वादों का निस्तारण करते हुए 28,46,876/-रूपये का अर्थदण्ड वसूल किया गया। जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में राजस्व अधिकारियों द्वारा कुल 15,886 राजस्य मामलों का निस्तारण कर 1,62,12,829/- रूपये का राजस्व वसूल किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न बैंकों यो द्वारा 585 बैंक ऋण मामले निस्तारण कराकर लगभग 5,33,72,000/- रुपये की धनराशि का सेटलमेंट किया गया। जिला बार संघ के अध्यक्ष प्रमोद त्यागी, महासचिव सुरेन्द्र मलिक, सिविल बार संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार मित्तल, महासचिव राज सिंह रावत, अपर जिला जज सीताराम, कनिष्क कुमार सिंह, काशिफ शेख, रेखा सिंह, दिनेश प्रताप सिंह, दिव्या भार्गव, मंजुला भलोटिया, निशान्त सिंगला, कमलापति प्रजापति,रवि कुमार दिवाकर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कविता अग्रवाल, सिविल जज (सीडि) रघुवंश मणी सिंह, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. देवेन्द्र सिंह फौजदार, जशीम खान, अपर सिविल जज (सीडि) सुश्री सोनम गुप्ता, सिद्धार्थ बरगोटी, सिविल जज (जूडि) श्वेता त्रिपाठी, अलका नेहल, अनिष्का चौधरी, शिवजी यादव, अंकुर कुमार, सोनाक्षी सिंघल, वृाहय न्यायालय सिविल जज जूडि जानसठ रोबिन कुमार, वृाहय न्यायालय सिविल जज (जूडि) बुढाना राहुल जायसवाल, ग्राम न्यायालय खतौली दिव्य प्रताप सिंह निमेष, भारतीय स्टेट बैंक के डीजीएम राजकुमार सिंह, एजीएम सुधीर कुमार व लीड बैंक डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सुरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।



# बारातघर से फेरों के दौरान लाखों के जेवर हुए चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी क्षेत्र के जानसठ रोड एक फार्म हाऊस में हो रही शादी समारोह से दुल्हन के लिये लाये गये जेवर चोरी कर लिये गये। लडकी के पिता ने कुछ लोगों पर संदेह जताते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

सिखेडा थाना क्षेत्र के गांव बिहारी निवासी प्रेमचन्द ने नई मंडी कोतवाली पुलिस को सूचना देकर बताया कि उसकी बेटी की शादी समारोह का प्रोग्राम जानसठ रोड स्थित एक फार्म हाऊस में हुआ। उन्होंने बताया कि शादी समारोह में सभी लोग अपने-अपने कार्य में व्यस्त थे और जिस समय देर रात दूल्हे पक्ष की ओर से शादी के सामान में लाया गया जेवर चोरी कर लिया गया। उन्होंने बताया कि इसमें सोने चांदी के जेवर थे, जिसमें हार, टीका और मंगलसूत्र था। उन्होंने बताया कि कई लाख के जेवर चोरी किये गये है। उन्होंने शादी समारोह में फूल बरसाने आयी युवतियों पर शक जाहिर किया है। उनका कहना है कि जेवर चोरी होने के बाद उन्होंने काफी तलाश किया, लेकिन नही मिला। उनका कहना है कि जो लडकियां फूल बरसाने आयी थी वह बिना पैसे लिये ही यहां से चली गई। पुलिस ने इस मामले को 6 लोगों को दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# गैस सिलेण्डर संकट को लेकर 'आप' का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शनिवार को आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने देश में बढ़ती महंगाई एलपीजी गै सिलेण्डर की कीमतो में बढोत्तरी और गैस की किल्लत पर नाराजगी जताई। इस दौरान आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार की आर्थिक नीतियों के विरोध में नारेबाजी की और राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन के अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपा। यह प्रदर्शन पार्टी के नेता और राज्य सभा सांसद संजय सिंह के आह्वान पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में किया गया। आप कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार की गलत आर्थियों के कारण आम जनता महंगाई का सामना कर रही है। साथ ही गैस सिलेण्डर की भारी कमी के चलते लम्बी लाईनों में लगना पड रहा है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार बालियान ने कहा कि घरेलू एलपीजी के दामो में 60 रूपये और कार्मशियल के सिलेण्डरों में 120 रूपये की बढोत्तरी की गई है। उन्होंने कहा कि होटल ढांबो, रैस्टोरेंट और फूड से जुड़े लाखों कारोबारियों के सामने आर्थिक संकट है। उन्होंने सरकार की नीतियों की विफलता बतायी।




# भर्ती के नाम पर तीन करोड़ की ठगी का ऑडियो वायरल

## चार मिनट से ज्यादा के ऑडियो में सब कुछ स्वीकार किया आरोपी ने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर युवाओं से ठगी करने और पुलिस भर्ती में चयन कराने का झांसा देकर करोड़ो रूपये वसूलने का एक ऑडियो वायरल होने पर हड़कंप मच गया है। यह मामला उस समय वायरल हुआ जब शनिवार को प्रद. ेश के साथ ही जनपद में उपनिरीक्षक के पद पर पुलिस भर्ती की परीक्षा हुई। पुलिस ने इस मामले की छानबीन शुरू कर दी है। यह मामला शाहपुर क्षेत्र के एक गांव के युवक का बताया जा रहा है। शनिवार को एक ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह ऑडियो करीब 4 मिनट से ज्यादा का है, रिकॉर्डिंग में उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती में नौकरी दिलाने के नाम पर अभ्यर्थियों से भारी रकम लेने की बात सुनाई दे रही है। ऑडियो उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा होने से प्रशासन में हड़कंप मच गया है।

जांच पडताल से पता चल रहा है कि यह मामला करीब 2 वर्ष पुराना है। इसमें आरोपी अभ्यर्थियों को पुलिस में नौकरी के दिलाने पर रकम लेने की बात स्वीकार कर रहा है और उसके साथियों ने भर्ती प्रक्रिया में चयन कराने का भरोसा देकर युवाओं से लाखों रूपये की नकदी ऐठी है। ऑडियो में बात. चीत के दौरान आरोपी कह रहा है कि अलग-अलग 50 अभ्यर्थियों से करीब 3 करोड रूपये की राशि ली गई है। रिकॉर्डिंग में एक युवक खुद को पीडित बताते हुए पैसे मांग रहा है।

जबकि आरोपी पैसे लौटाने के लिए तरह-तरह के बहाने बता रहा है। यह ऑडियो कुछ साथियों व कुछ युवकों के बीच की है और अब यह ऑडियो जमकर वायरल हो रही है। सूत्रों का कहना है कि अभ्यर्थियों ने उक्त आरोपियों पर भरोसा जताते हुए लाखों रूपये की रकम दी थी लेकिन भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी जब चयन नही हुआ तो पैसो की मांग की गई लेकिन पैसा नही लौटाया गया। अब अधिकारी इस मामले की गंभीरता से जांच कर रहे है। कुल मिलाकर जनपद में इस तरह के मामले आये दिन देखने को मिल रहे है। कही बेरोजगारों को विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी की जा रही है तो कही साईबर क्राईम हो रहा है। हालांकि पुलिस के आला अफसर की देखरेख में इस तरह के अपराधी जेल भी जा रहे है, लेकिन शनिवार को सामने आई ऑडियो ने पुलिस कार्यवाही को बढा दिया है।




# सरेआम पर्स छीनकर भागा युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस ने ऐसे शातिर युवक को दबोच सलाखों में डाल दिया जो भीड़ वाले बाजार में घूमकर महिलाओं के पर्स चोरी ही नही बल्कि पर्स की छीना झपटी करके फरार हुआ था।

घटना के दिन इस तरह की कई वारदात हुई थी, जहां दो पीडित परिवार घटना के दिन ही शहर कोवताली पहुंचे थे, जिन्होने बताया था कि वह त्यौहार के लिए कपड़े व अन्य सामान खरीदने के लिए आये थे, जहां आरोपी ने पर्स छीन लिया और फरार हो गया। एक महिला के हजारों रूपये पर्स में थे तो दूसरी महिला के बैग मे 20 हजार से अधिक की नकदी बतायी गई थी। त्यौहार के समय भीड़ वाले बाजार में इस तरह की हुई घटना पुलिस के लिए सिरदर्द बन गई थी। पुलिस ने दोनों महिलाओं की तहरीर लेकर जांच पडताल शुरू कर दी थी। सबसे पहले पुलिस ने आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। बताया जाता है कि पुलिस को आरोपी तक पहुंचने के लिए कई दर्जन सीसीटीवी कैमरे खंगालने पडे। सीओ सिटी सिद्धार्थ के मिश्रा की माने तो घटना तीन दिन पहले रूडकी रोड पर हुई थी और पुलिस की टीम आरोपी की तलाश में लगी थी। सीओ सिटी सिद्धार्थ के मिश्रा` बताया कि पुलिस ने चरथावल बस स्टैण्ड के पास से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि थाने लाकर की गई पूछताछ में उसने अपना नाम आशीष पुत्र दिनेश निवासी कृष्णापुरी बताया है। पुलिस का कहना है कि आशीष घटना के दिन मारपीट के एक पुराने मामले में कचहरी में तारीख भुगतने गया था जब वह वापस लौटा तो आरोपी ने अपने साथियों के साथ बीयर पी और इसके बाद रूडकी रोड पर एक युवती से पर्स छीना था। घटना के दिन ही आरोपी भागता हुआ दिखाई पड रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 610 रुपये की नकदी और मोबाईल बरामद होना बताया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के साथियों की भी तलाश की जा रही है





मुजफ्फरनगर: पुलिस भर्ती के दौरान परीक्षा केन्द्रों के बाहर लगी भीड़।

# ससुरालजनों पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और देवर पर छेड़छाड़ का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव निवासी विवाहिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 13 वर्ष पूर्व छपार थाना क्षेत्र के गांव छपरा निवासी जोगेन्द्र के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी में उसके पिता ने करीब छह लाख रुपये खर्च कर किये थे।बीते वर्ष 13 फरवरी को उसके पति की मृत्यु हो गई। पति की मौत के बाद गांव और परिवार के लोगों ने उसकी शादी उसके देवर लखन के साथ करा दी।किन्तु कुछ समय बाद ही सास यशोदा और देवर लखन उसे अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। बीते 1 अक्टूबर को आरोप है कि देवर ने उसके साथ जबरदस्ती की और विरोध में धमकी दी।घटना की जानकारी जब उसने सास और ननद को दी तो उन्होंने देवर का साथ देते हुए उसके साथ मारपीट की और गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। महिला ने पुलिस से आरोपियो के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

आयुष्मान सुविधा उपलब्ध है
माहे रमजान की दिली मुबारकबाद
डॉ0 रिजवान अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ0 मौहसिन अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0डी0)
डॉ0 मौ0 शुऐब
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)
डॉ0 जैनब इनाम
एम0बी0बी0एस0 (डी0जी0ओ0)
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)
दिवान हॉस्पिटल
सुजडू चुंगी, मेन रोड मुजफ्फरनगर 251001
0131-2634069-9837 3357 11

# धरने पर बैठे ग्रामीणों ने ठेकेदार का सामान किया जब्त

**बुढ़ाना।** ग्राम बिराल के पास से गुजर रहे दिल्ली देहरादून इकनॉमिक कॉरिडोर पर ग्रामीणों के आने जाने के लिए सर्विस रोड का निर्माण कराया जाने, ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए अंडरपास कट और सुरक्षित रास्ते की व्यवस्था किए जाने, भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाए जाने व हाईटेंशन विद्युत लाइन से संबंधित मुआवजा दिये जाने की मांग को लेकर गांवघ् बिराल के ग्रामीणों का टैंट लगाकर अनिश्चितकालीन धरना आज शनिवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। ग्रामीणों ने बताया कि हम नेशनल हाइवे के सभी अधिकारियों से बहुत खफा हैं। उनकी बार बार की वायदा खिलाफी और अब उनका फोनघ्ना उठाना यह साबित कर रहा है कि उनका कोई भी ध्यान हमारी समस्याओं की तरफ बिल्कुल भी नहीं है। वे इस संबध में अब कोई बड़ा ही निर्णय लेंगे। अब उनके कब्जे में ठेकेदार की और से एक डम्फर, पानी के दो बड़े वाले टेंकर, दो जेसीबी मशीनें और एक ट्रेक्टर है। यह सभी सामान तब मिलेगा जब यहां पर एनएच के अधिकारी आएंगे। इससे पहले कोई भी समझौता नहीं होगा। आज के धरने पर ठाकुर अंकुश प्रताप सिंह, ठाकुर बिट्टू सिंह, ठाकुर अमित सिंह, ठाकुर सिंह ठाकुर, भूपेंद्र सिंह, एडवोकेट ठाकुर प्रताप सिंह, राहुल सिंह, ठाकुर ब्रह्म सिंह, ठाकुर सुभाष सिंह, ठाकुर संजू सिंह, ठाकुर भीम सिंह, ठाकुर यशपाल सिंह, ठाकुर संदीप सिंह, ठाकुर मुकेश सिंह, मन्नू प्रधान और ठाकुर आशीष सिंह आदि ग्रामीण धरने पर रहे।



## ओवर रेट में बेचे जा रहे सिलेंडर, हुई शिकायत

**बुढ़ाना।** गांव रतनपुरी में स्थित एक गैस एजेंसी पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एक अधिवक्ता ने इस गैस एजेंसी पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। अधिवक्ता का आरोप है कि रतनपुरी गैस एजैंसी मालिक ने गैस सिलेंडर बुक किए बिना ही गैस सिलेंडर की डिलीवरी कर दी। कई दिन से वे उक्त गैस एजेंसी का चक्कर काट रहे हैं लेकिनघ् इसके बावजूद भी उनको गैस सिलेंडर नहीं दिया गया। अब उन्होंने परेशान होकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर गैस एजेंसी संचालक की शिकायत की है। अधिवक्ता ने उक्त गैस एजेंसी पर गैस सिलेंडर ओवर रेट में भी बैंचें जाने का खुला आरोप गैस एजेंसी संचालक ने लगाया है। वहीं दूसरी और गैस एजैंसी संचालक ने अधिवक्ता के आरोपों को एकदम झूठा बतलाया है।

# प्राकृतिक खेती कार्यशाला में अधिक भागीदारी की अपील

**खतौली।** ब्लॉक प्रांगण में शनिवार को भारतीय किसान यूनियन की बैठक आयोजित हुई, जिसमें संगठन को मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में किसान हितों से जुड़े मुद्दों के साथ-साथ प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर भी चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए भाकियू के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक घटायन ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से 22 से 25 मार्च तक सिसौली में आयोजित होने वाली चार दिवसीय प्राकृतिक कृषि पद्धति कार्यशाला में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया।इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष सतेन्द्र चौहान और तहसील अध्यक्ष ललित त्यागी ने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठन का मजबूत होना जरूरी है। साथ ही बताया कि निकट भविष्य में खतौली तहसील स्तर पर किसानों की समस्याओं को लेकर एक बड़ी पंचायत आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है। बैठक में जुल्फिकार छोटा, अंकुश प्रधान, गुढू चौधरी, सचिन चौधरी, रंधोल राठी, संजीव राठी, प्रमोद अहलावत, असद खान शालू, विदेश मोतला, फुरकान मलिक, भारतवीर आर्य, विष्णु गिरी, समीर, राहुल बालियान, विकास पाल, मुज्मिल, इरशाद, साकिब, राकेश चौधरी, आकाश देवीदास, अमित चौहान, मनोज सिवाच, हरवीर सिंह, खड़क सिंह सैनी, डॉ. तरुण सहरावत, सन्नी ठाकुर और अन्नु शर्मा समेत कई किसान मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता ठाकुर वीरेन्द्र सोम ने की, जबकि संच. ालन प्रमेन्द्र ढाका ने किया।

## कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष चुने गए लखनवीर सिंह

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेशीय चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ जनपद शाखा का द्विवार्षिक सम्मेलन शुक्रवार को आयोजित हुआ। यह सम्मेलन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय परिसर, महाव. ीर चौक स्थित महासंघ कार्यालय में संपन्न हुआ।

सम्मेलन का संचालन प्रांतीय उपाध्यक्ष ठाकुर शंकर सिंह (चुनाव अधिकारी) और राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार लांबा की देखरेख में किया गया। इसमें विभिन्न विभागों के अध्यक्षों और मंत्रियों के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया।

सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके बाद सर्वसम्मति से ठाकुर लखनवीर सिंह की अध्यक्षता वाली कमेटी को पुन: बहाल करने की घोषणा की गई।

इससे पहले, जिला अध्यक्ष ठाकुर लखनवीर सिंह ने अपनी पुरानी कमेटी को भंग कर दिया था। बाद में, सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर उसी पुरानी कमेटी को दोबारा जिम्मेदारी सौंपी गई। ठाकुर लखनवीर सिंह जिला अध्यक्ष, संजय कुमार जिला मंत्री और रामकुमार जिला कोषाध्यक्ष के पद पर बने रहेंगे। इस निर्णय के अनुसार, यह कमेटी 13 मार्च 2026 से आगामी दो वर्षों तक जनपद मुजफ्फरनगर की शाखा का संचालन करेगी। पूर्ण कमेटी का गठन कर प्रांतीय पदाधिकारियों को इसकी सूचना दी जाएगी।

# ईद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**मीरापुर।** आगामी पर्व ईद को लेकर थाना मीरापुर परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कस्बे मीरापुर सहित आसपास के क्षेत्रों से मुस्लिम धर्म गुरुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य लोगों ने भाग लिया तथा त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया।



बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने कहा कि ईद खुशियों, भाईचारे और आपसी प्रेम का त्योहार है। सभी लोगों को चाहिए कि इस पवित्र पर्व को शांति, आपसी सद्भाव और एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए मनाएं। उन्होंने प्रशासन के निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि ईद की नमाज केवल ईदगाह परिसर में ही अदा की जाए और ईदगाह के बाहर सड़कों या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर नमाज अदा न की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ईद की नमाज से पहले मौलाना के बयान को रिकॉर्ड किया जाए, ताकि किसी प्रकार की गलतफहमी या अफवाह की स्थिति उत्पन्न न हो। थाना प्रभारी ने लोगों से अपील की कि यदि कोई व्यक्ति अफवाह फैलाने का प्रयास करता है या कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई देती है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। किसी भी समस्या या आपात स्थिति में तुरंत थाना मीरापुर के नंबर पर संपर्क करें। इस अवसर पर काजी जियाउल इस्लाम, अध्यक्ष जमील अहमद, आफताब मेवाती, अली जामिन जैदी, परवेज आलम, शान-ए-आलम, मौलाना आस मोहम्मद, हाफिज शमशेर, तस्लीम प्रधान सहित कई लोग मौजूद रहे।

# गैस आपूर्ति में समस्या पर मंत्री कपिल देव नाराज

## अधिकारियों को तलब कर विस्तार से की समीक्षा

**मुज़फ्फरनगर।** घरेलू गैस आपूर्ति से जुड़ी लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मंत्री कपिल देव ने मेरठ रोड स्थित विकास भवन में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक बुलाई। बैठक में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, जिला पूर्ति अधिकारी ओम हरी उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी देशभूषण कमल किशोर कण्डारकर तथा सिटी मजिस्ट्रेट पंकज सिंह राठौर सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों को बुलाकर गैस आपूर्ति व्यवस्था की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की।

इस दौरान मंत्री कपिल देव ने क्षेत्र में गैस सिलेंडर की आपूर्ति में हो रही देरी, वितरण व्यवस्था में अनियमितता तथा उपभोक्ताओं को हो रही परेशानियों पर नाराज़गी व्यक्त की।

उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि गैस वितरण व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी, व्यवस्थित और समयबद्ध बनाया जाए, ताकि आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने गैस एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर नियमित निगरानी रखने, उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने



तथा वितरण प्रणाली में सुधार लाने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गैस आपूर्ति जैसी आवश्यक सेवा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# माउंट लिट्रा में वनीता वंदन कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** लिंक रोड स्थित माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल मुज़फ्फ़रनगर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में वनीता वंदन नामक एक विशेष कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं के अमूल्य योगदान, उनकी शक्ति, प्रतिभा और उपलब्धियों का सम्मान करना था।

कार्यक्रम में रोजी बेदी, नेहा अरोरा (प्रधानाचार्या - देवोपम किड्स गार्डन), मनी पटपटिया, प्रियती सोनी, अंशु भाटिया (अबेकस - गांधी कॉलोनी), अनु अरोरा (समाज सेविका), डॉक्टर निशा मलिक, डॉक्टर तरिणी तनेजा, डॉक्टर शेफाली गुप्ता, डॉक्टर मंजु प्रभाकर, डॉक्टर रेनू अग्रवाल, डॉक्टर गीतिका मारवाह, बीना शर्मा, ममता अग्रवाल, रीना अग्रवाल, सोनिया लूथरा, वर्णिका निगम अग्रवाल, गरिमा सिंघल (चार्टर्ड अकाउंटेंट), प्रीति कुक. रेजा, भारती, मिनाक्षी रोहल, सोम्या अरोरा (प्रधानाचार्या किडजी नई मंडी), पारुल कुमार, मंजरी सिंघल आदि प्रतिष्ठित एवं सम्मानित महिलाएँ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विद्यालय में बड़ी संख्या में महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति से वातावरण अत्यंत उत्साहपूर्ण और आनंदमय बन गया तथा पूरे परिसर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ।कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं के लिए अनेक रोचक एवं मनोरंजक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें ब्लाइंडफोल्ड रेस, वैलेंटाइन गेम तथा ईट हेल्दी, लिव हेल्दी रेस प्रमुख आकर्षण रहीं। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लेकर कार्यक्रम को और अधिक जीवंत बना दिया। इस अवसर पर अतिथियों का विद्यालय परिवार की ओर से पुष्प एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। उनके प्रेरणादायक विचारों ने



महिलाओं की भूमिका, संघर्ष और समाज निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करते हुए सभी को नई प्रेरणा प्रदान की।

यह आयोजन महिलाओं के सम्मान, एकता और सशक्तिकरण की भावना को प्रोत्साहित करने वाला एक सुंदर उदाहरण बना।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय निर्देशिका चारु भारद्वाज एवं प्रधानाचार्य डॉ. के. जी. अरोरा ने सभी विशिष्ट अतिथियों और उपस्थित महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाएँ समाज की शक्ति और संस्कारों की आधारशिला हैं।

# वैराग्य ही मनुष्य को सांसारिक बंधनों से मुक्त कर सकता: हिमेश शास्त्री

**मुजफ्फरनगर।** सनातन धर्म सभा भवन में चल रही श्रीमद भागवत कथा में शनिवार को भक्ति और आस्था का अनूठा वातावरण देखने को मिला। कथा के तीसरे दिन भगवान श्री कृष्ण की महिमा, भक्तों की भक्ति और धर्म के आदर्शों पर आधारित प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को आस्था रूपी गंगोत्री में गोते लगाते हुए भाव-विभोर कर दिया। भजनों के दौरान भक्त झूमते नजर आए और पूरा परिसर जयकारों से गूंज उठा।

समस्त अग्रवाल परिवार के तत्वावधान में सनातन धर्म सभा भवन में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे। मुख्य यजमान के रूप में पहुंचे मोहित मित्तल (श्री राधे इंडस्ट्रीज), राजेश जैन (गर्ग डुप्लैक्स), शैलेष कुच्छल, विख्यात अग्रवाल और सन्दीप गर्ग (एसके इंटरनेशनल) द्वारा व्यास पीठ पर विराजमान कथावाचक हिमेश शास्त्री जी महाराज से आर्शीवाद लिया। कार्तिक अग्रवाल द्वारा अतिथियों का अभिनंदन किया गया। श्रीमद भागवत पूजन के उपरांत कथा प्रारंभ हुई।

कथा वाचक हिमेश शास्त्री महाराज (मथुरा वाले) ने भक्तों को सती चरित्र, ध्रूरु वाख्यान, भरत चरित्र तथा नृसिंह अवतार की कथा सुनाकर धर्म, भक्ति और समर्पण का महत्व बताया। कथावाचक ने सती चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि सती माता ने अपने स्वाभिमान और धर्म की रक्षा के लिए अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। यह प्रसंग जीवन में मयार्दा और आत्मसम्मान के महत्व को दशार्ता है। ध्रुवाख्यान का वर्णन करते हुए उन्होंने बालक ध्रुव की अटूट भक्ति और तपस्या का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि बालक ध्रुव ने कठिन तपस्या के माध्यम से भगवान की कृपा प्राप्त की और ध्रुव तारा के रूप में अमर हो गए। यह कथा सच्ची श्रद्धा और ख्रढ़ संकल्प की प्रेरणा देती है।कथावाचक हिमेश शास्त्री जी महाराज ने भरत चरित्र का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि भगवान के प्रति प्रेम और वैराग्य मनुष्य को सांसारिक बंधनों से मुक्त कर सकता है। वहीं नृसिंह अवतार की कथा सुनाते हुए भगवान विष्णु द्वारा भक्त प्रहलाद की रक्षा के लिए प्रकट अद्भुत अवतार का वर्णन किया गया। इस प्रसंग में बताया गया कि भगवान सदैव अपने



भक्तों की रक्षा करते हैं और अधर्म का अंत निश्चित है। कहा कि भागवत श्रवण से भक्ति की प्राप्ति होती है, जिसको भक्ति हो जाती है, भगवान उससे दूर नहीं रह सकते और भक्ति के आ जाने से जीवन के शोक, भय और मोह मिट जाता है। कथा के दौरान भगवान के भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। पूरा वातावरण भक्ति रस में डूबा हुआ दिखाई दिया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों के साथ कथा का आनंद लिया। कथा के अंत में सभी भक्तों ने भगवान की आरती में भाग लिया और क्षेत्र में सुख-समृद्धि व शांति की कामना की। आयोजक अभिनव अग्रवाल ने बताया कि श्रीमद भागवत कथा का आयोजन प्रतिदिन श्रद्धा और उत्साह के साथ जारी रहेगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। मुख्य रूप से परमात्मा शरण अग्रवाल, प्रदीप गर्ग, किशन अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल, दीप अग्रवाल, अभिनव गर्ग, कार्तिक अग्रवाल, दीपक गोयल, योगेश माहेश्वरी, अमित गर्ग, श्रुति अग्रवाल, निकिता अग्रवाल, आंचल अग्रवाल, इनाक्षी अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, प्रीति ताय,रचना अग्रवाल ममता अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय जूनियर बालक-बालिका खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**मुजफ्फरनगर।** जिला स्तरीय जूनियर बालक एवं बालिका प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान मुजफ्फरनगर द्वारा विधिवत रूप से प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया तथा उपरोक्त खेल के विजेता एवं विजेता खिलाड़ियों को सतीश सहरावत सचिव जिला बॉक्सिंग संघ पर्वेंद्र दहिया प्रधानाचार्य होली एंजेल पब्लिक स्कूल एवं हर्षप्रीत सहरावत अंत. रराष्ट्रीय बॉक्सिंग खिलाड़ी मुजफ्फरनगर द्वारा संयुक्त रूप से खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

बॉक्सिंग खेल में बालक एवं बालिका वर्ग में 20 प्रथम 20 द्वितीय एवं 40 तृतीया एवं वुशु खेल में बालक एवं बालिका वर्ग में 20 प्रथम 20 द्वितीय एवं 40 तृतीया एवं वॉलीबॉल बालक एवं बालिका वर्ग में 2 प्रथम एवं 2 द्वितीय टीमों को कुल 212 खिलाड़ियों को ट्रैकसूट एवं खेलकिट प्रदान की गई एवं तीनों खेलो के निर्णायकों को सम्मानित किया गया। उक्त प्रतियोगिता में जिला खेल कार्यालय मुजफ्फरनगर के समस्त अंशका. लिक प्रशिक्षकों एवं स्टाफ द्वारा अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया एवं उक्त प्रतियोगिता का संच. ालन प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी भूपेंद्र सिंह यादव एवं राजीव कुमार बाल कल्याण समिति मुजफ्फरनगर द्वारा किया गया

# चौधरी गैस एजेंसी के प्रबंधक ने सुचारू रखी सप्लाई



**खतौली।** जहां एक ओर चारों तरफ एलपीजी गैस को लेकर मारामारी है, वहीं खतौली क्षेत्र के एक प्रबंधक ने कहा कि वह त्यौहारों के मौके पर जनता को होने वाली परेशानियों का खासा ध्यान रख रहे हैं और किसी को भी एलपीजी सिलेंडर की कमी नहीं होने देंगे।

खतौली स्थित चौधरी गैस एजेंसी के प्रबंधक अवनीश राणा ने शनिवार को भी एलपीजी गैस की सप्लाई सुचारू रखी, इस दौरान किसी को भी गैस की किल्लत से जूझना नहीं पड़ा। उन्होंने वादा दिलाया कि त्योहार के मौके पर किसी को भी गैस की किल्लत नहीं होने देंगे।

# परेशानी: दो की जगह लगा है एक गन्ना क्रय केंद्र

**चरथावल।** क्षेत्र के किसानों में खाईखेड़ी चीनी मिल के खिलाफ जबरदस्त रोष पनपता जा रहा है। आरोप है कि मिल प्रबंधन खुलेआम गन्ना अधिनियम के नियम-कानूनों को दरकिनार कर रहा है और जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं।

किसानों का कहना है कि चरथावल क्षेत्र में दो गन्ना क्रय केंद्र आवंटित हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि खाईखेड़ी चीनी मिल ने केवल एक ही केंद्र संचालित कर रखा है। सवाल यह है कि जब शासन द्वारा दो केंद्र स्वीकृत हैं तो दूसरा केंद्र क्यों नहीं लगाया गया? एक ही क्रय केंद्र होने के कारण किसानों को लंबी कतारों में घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। कई बार ट्रैक्टर-ट्रॉली रातभर खड़ी रहती हैं, जिससे समय और श्रम दोनों की बर्बादी हो रही है। देरी से तौल होने पर गन्ने की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है, जिसका सीधा नुकसान किसान को उठाना पड़ता है। किसानों का आरोप है कि मिल प्रबंधन गन्ना अधिनियम के तहत निर्धारित व्यवस्थाओं का पालन नहीं कर रहा। यदि दो केंद्र स्वीख्रत हैं तो दोनों का संचालन अनिवार्य रूप से होना चाहिए। लेकिन यहां नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि संबंधित विभाग और जिला प्रशासन इस मामले में मौन क्यों है? क्या किसानों की समस्याएं अधिकारियों को दिखाई नहीं दे रहीं, या फिर किसी दबाव में कार्रवाई से बचा जा रहा है? क्षेत्रीय किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही दूसरा गन्ना क्रय केंद्र चालू नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर मिल प्रबंधन पर सख्त कार्रवाई की जाए और दूसरे गन्ना क्रय केंद्र को लगवाकर तुरंत चालू कराए जाए जिससे की इस गर्मी मे किसानों को दूर जाने से मुक्ति मिल सके अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी नियमों का पालन कराएंगे या फिर गन्ना अधिनियम यूं ही कागजों तक सीमित रहेगा। किसानों ने आरोप लगाया है की बार बार अवगत कराने पर भी जिला अधिकारी किसी भी किसान का फोन नहीं उठाते है और जहाँ गन्ना सीजन खत्म होने की कगार पर है वही लापरवाही की बात देखिए की किसी भी अधिकारी द्वारा दूसरा गन्ना क्रय केंद्र लगाने की सुध नहीं ली जिस कारण सभी नियम कानून खाईखेड़ी चीनी मिल के सामने बोने साबित हो रहे है और खाईखेड़ी मिल अपने हिसाब से अपना मिल संचालित कर रहा है जिला गन्ना अधिकारी भाजपा सरकार मे भी किसानों का फोन उठाना ही नहीं करते है गवारा, किसानों मे भारी रोष पुरे सीजन से एक ही गन्ना क्रय केंद्र लगाकर खाईखेड़ी चीनी मिल किसानों का शोषण कर रहा है।

**सूचना**

गाजियाबाद ट्रांसपोर्ट आफिस से जारी पासपोर्ट संख्या- U3426806 में मेरा नाम MOHAMMAD DANISH अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड और अन्य कागजातों में मेरा सही नाम MOHD DANISH अंकित है। भविष्य में समस्त कार्यो के लिए मुझे मेरे सही नाम MOHD DANISH से ही जाना, पहचाना व पुकारा जाये।

**MOHD DANISH**
S/0 MOHD NASEEM R/0
MOHALLATAGAYAN
MUSLIM CHARTHAWAL,
MUZAFFARNAGAR 251311

## दहेज की मांग को लेकर विवाहिता से मारपीट व दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

**भोपा।** विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने तथा देवर पर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाया है।पीड़िता की शिकायत पर संज्ञान लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किया है।

भोपा थाना क्षेत्र निवासी विवाि. हता ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी दस वर्ष पूर्व थाना देवबन्द क्षेत्र के गाँव मकबरा निवासी मणीकान्त के साथ हुई थी। शादी में उसके परिवार ने करीब पांच लाख रुपये खर्च किए थे। शादी के बाद से ही पति मणीकान्त, सास कमलेश, ससुर बालकराम, जेठ अनुज और देवर राजकमल दहेज की मांग को लेकर उसे परेशान करते रहे। ससुराल पक्ष द्वारा उससे अतिरिक्त दहेज के रूप में 50 हजार रुपये नकद और मोटरसाइकिल की मांग की जाती थी। मांग पूरी न होने पर उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की जाती थी। पीड़िता का आरोप है कि बीते वर्ष 16 अक्टूबर को जब वह घर में अकेली थी, तभी देवर राजकमल उसके कमरे में आ गया और उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए जबरन दुष्कर्म का प्रयास किया।

शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए, जिसके बाद आरोपी मौके से भाग गया।पीड़िता ने जब यह बात अपने ससुराल वालों को बताई तो उन्होंने उल्टा उसका ही विरोध किया और फिर से दहेज की मांग को लेकर मारपीट करने लगे। पीड़िता ने अपनी जान-माल को खतरा बताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने मणिकांत, कमलेश, बालकराम,अनुज ,राज कमल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है ।

# प्रतिष्ठानों पर घरेलू सिलेण्डर मिला तो होगी सीधी कार्रवाई

**मुजफ्फरनगर।** जिला पूर्ति अधिकारी ओम हरिउपाध्याय ने बताया है की जनपद में एलपीजी व पैट्रोलियम पदार्थों यथा पैट्रोल, डीजल आदि की सुचारू आपूर्ति बनाये रखने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी श्री उमेश मिश्रा द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुपालन में मै. दीपक गैस सर्विस (आईओसी) नगर मुद्दनगर एवं मैसर्स सरवट इण्डेन गैस सर्विस आईओसी) नगर मु.नगर के कार्यालय/गोदाम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मौके पर उपस्थित उभोक्ताओं को अवगत कराया गया कि जनपद में एलपीजी सिलेण्डरों की पर्याप्त उपलब्धता है। वह किसी भी स्थिति में पैनिक न हो तथा संयम बनाये रखे, उक्त स्थिति में कर्मचारियों को अपना सहयोग प्रदान करें, जिन उभोक्ताओं ने अभी तक ई-केवाईसी नहीं करायी है, वह शीघ्रतिशीघ्र ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण करायें।

एलपीजी की बुकिंग अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर से ही करें एवं ऑयल कम्पनी के मोबाइल एप के माध्यम से भी ऑनलाईन बुकिंग घर बैठे ही की जा सकती है। यह भी अवगत कराया गया कि कतिपय तकनीकी कारणवश कम्पनी में सर्वर पर लोड़ अधिक हो जाने के कारण सर्वर में कभी-कभी समस्या आ जाती है।

उपरोक्त के साथ-साथ जनपद में स्थित मैसर्स मॉडन सर्विस स्टेशन आनान्दपुरी (आईओसी)पैट्रोल पम्प पर पैट्रोल / डीजल की उपलब्धता के संबंध में जांच करने पर पर्याप्त मात्रा में पैट्रोल/डीजल उपलब्ध पाया गया। इसी प्रकार जनपद के प्रत्येक पैट्रोल/डीजल पम्प पर्याप्त मात्रा में पैट्रोल/डीजल है। रैण्डम आधार पर विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठान यथा फूड एण्ड मूड होटल मेरठ रोड, देवेन्द्र फास्ट फूड, पंडित जी शुद्ध भोजनालय रूडकी रोड पर छापेमारी / जांच में घरेलू गैस का उपयोग होता नहीं पाया गया। मौके पर उक्त प्रतिष्ठान स्वामियों को निर्देशित किया गया कि वह प्रतिष्ठान पर घरेलू गैस का प्रयोग कदापि न करें। छापेमारी / भ्रमण के समय रास्ते में मिले विभिन्न गैस एजेन्सी के हॉकर्स से भी पूछ-ताछ की गई एवं नियमानुसार आईडी कार्ड तथा सिलेण्डर डिलीवरी करने सम्बन्धित उपकरण/अभिलेख आदि रखने के निर्देश दिये।

जनपद के सभी होटल/ढाबे/रेस्टोरेन्ट एवं खोमचे/ठेले वालों को सूचित किया जाता है कि वह अपने प्रतिष्ठान पर किसी भी दशा में घरेलू गैस का प्रयोग न करें। कालाबाजारी / अवैध कार्य करने वालो के विरू) निरन्तर जांच / छापेमारी की कार्यवाही की जा रही है। आमजनमानस को पुन: आश्वस्त किया जाता है कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में एलपीजी व पैट्रोलियम पदार्थों यथा पैट्रोल, डीजल आदि उपलब्ध है, वह किसी भी दशा में पैनिक न हों।

## नवाजुदीन सिद्दीकी से सपा नेता ने शिष्टाचार भेंट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** जनपद मुजफ्फरनगर का पूरी दुनिया की फिल्म इंडस्ट्री में नाम रोशन करने वाले बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी के बुढ़ाना आवास पर ग्राम पलड़ी के वरिष्ठ सपा नेता एवं समाजसेवी हसीन कुरैशी ने शिष्टाचार भेंट की तथा विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

**सार्वजनिक सूचना**

हमारे मकान नं0-1518, गढ़ी सरवट (बाहर हदूद) तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर का बैनामा बही सं0-1, जिल्द सं.-3830, पृष्ठ सं0-283 से 300 तक क्रमांक 11528 पर दिनांक 06.11.2007 सविता रानी के नाम दर्ज है। उक्त मकान का पूर्व बैनामा बही सं0-1, जिल्द सं0-2899/2932 के पृष्ठ 180/645-652 क्रमांक 11563 पर दिनांक-10.11.1986 कही गुम हो गया है जिसका उपयोग किसी अन्य के लिए अवैध होगा।

**सविता सविता रानी पत्नी अनिल कुमार निवासी- राधिकापुरम, बच्चन सिंह कॉलोनी गली नं०-1, मुजफ्फरनगर**

# गैस बुकिंग में केवाईसी व ऑनलाइन बुकिंग बनी मुसीबत

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बे में इन दिनों रसोई गैस को लेकर उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ती जा रही है। केवाईसी अपडेट और ऑनलाइन बुकिंग की अनिवार्यता के चलते बड़ी संख्या में लोगों को गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण गैस एजेंसियों और गोदामों पर रोजाना भारी भीड़ उमड़ रही है।

सुबह से ही उपभोक्ता लाइनों में लग जाते हैं, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी कई लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। खतौली क्षेत्र में संदीप गैस एजेंसी सहित इंडियन ऑयल की तीन गैस एजेंसियां संचालित हैं। इन सभी स्थानों पर केवाईसी अपडेट कराने और गैस बुकिंग की समस्या को लेकर उपभोक्ताओं की भीड़ लगातार बढ़ रही है। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि बिना केवाईसी के सिलेंडर नहीं दिया जा रहा, जबकि ऑनलाइन बुकिंग का पोर्टल भी कई बार काम नहीं करता। ऐसे में लोगों को बार-बार एजेंसी के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। शनिवार को सैनी नगर, राजाराम मंडी, जीटी रोड और गुज्जर कॉलोनी स्थित एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। भीड़ अधिक होने के कारण कई जगहों पर लोगों के बीच कहासुनी भी हो गई। सैनी नगर स्थित गैस एजेंसी पर तो महिलाओं के बीच धक्का-मुक्की और मारपीट तक हो गई, जिससे कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराकर व्यवस्था संभाली। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में उपभोक्ताओं को लाइन में लगाकर गैस वितरण कराया गया।



इधर स्थानीय लोगों ने गैस वितरण व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि एक तरफ आम उपभोक्ता गैस के लिए घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के कई होटल और ढाबों तक बड़ी संख्या में गैस सिलेंडर आसानी से पहुंच रहे हैं। लोगों का आरोप है कि यदि बिना केवाईसी और बुकिंग के आम लोगों को गैस नहीं मिल रही, तो फिर होटल-ढाबों को इतनी बड़ी मात्रा में सिलेंडर कैसे मिल रहे हैं। इससे गैस की कालाबाजारी की आशंका भी जताई जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। इस मामले में जब खतौली के पूर्ति अधिकारी अमित यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि होटल-ढाबों तक सिलेंडर पहुंचने या कालाबाजारी की अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है। यदि इस तरह की कोई शिकायत प्राप्त होती है तो जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# परिवार के इकलौते पुत्र का कराया अंतिम संस्कार

**मुजफ्फरनगर।** कहते हैं कि इंसान की असली पहचान उसके कठिन समय में किए गए कामों से होती है। जब हालात इतने बेरहम हो जाएं कि अपने भी साथ छोड़ दें, तब जो किसी का सहारा बन जाए वही सच्चा इंसान होता है। ऐसा ही एक दिल को छू लेने वाला दृश्य उस समय सामने आया, जब एक गरीब और लाचार परिवार अपने ही परिजन के शव के सामने बेबस खड़ा था। गरीबी की चक्की में पिस रहे इस परिवार के पास इतना भी सामर्थ्य नहीं था कि वे अपने प्रियजन को सम्मानजनक अंतिम विदाई दे सकें। घर में मातम पसरा था, आंखों में आंसू थे और दिल में यह दर्द कि अपनों को अंतिम संस्कार तक नसीब नहीं हो पाएगा। इसी दर्दनाक घड़ी में मानवता की मिसाल बनकर क्रांतिकारी शालू सैनी उस परिवार के लिए उम्मीद की किरण बनकर सामने आईं।

शालू सैनी ने उस परिवार का दर्द समझा और बिना किसी औपचारिकता के खुद को उस घर की बड़ी बहन मानते हुए पूरी जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठा ली। श्मशान घाट तक पहुंचकर पूरे विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार कराया गया और उस दिवंगत आत्मा को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। वहां मौजूद लोगों की आंखें भी इस ख्रश्य को देखकर नम हो गईं। हर कोई यही कह रहा था कि आज के दौर में भी अगर इंसानियत जिंदा है, तो ऐसे ही लोगों की वजह से।

## धमकी भरा फोन आने से परिवार में दहशत

**मुजफ्फरनगर।** कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला कुंदनपुरा निवासी फौजीलाल सिंघल पुत्र स्व. वैदप्रकाश ने नगर कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि ग्यारह मार्च की शाम चार बजे के बाद उसकी पुत्रवधु सालीनी सिंघल के मोबाइल नम्बर पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। फोन कर्ता ने काफी देर तक अश्लील व आपत्तिजनक बाते की काफी देर तक वह आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करता रहा। फौजीलाल ने बताया कि फोनकर्ता ने अवैध धन की मांग भी की है और रूपये न देने पर पुत्रवधु और उसके बेटे को जान से मारने की धमकी भी दी गई है। पीड़ित का कहना है कि धमकी भरे फोन आने से उसका पूरा परिवार भयभीत है और पीडित ने जानमाल का खतरा बताते हुए सुरक्षा की मांग की है।

## ब्लाक प्रमुख से की ठेकेदार की शिकायत

**बुढ़ाना।** गांव रसूलपुर दभेडी के कई ग्रामीणों ने बुढ़ाना ब्लाक प्रमुख श्रीमति पाल्लो देवी और उनके पुत्र पूर्व ब्लाक प्रमुख और राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता विनोद मलिक को एक शिकायती पत्र देते हुए बतलाया कि उनके गांव रसूलपुर दभेडी में आसु उर्फ आस मोहम्मद पुत्र शमशेर के मकान के सामने से लेकर राफे के मकान के बाहर रास्ते तक लम्बाई 100 मीटर और चौडाई कुल 7 मीटर सीसी रास्ते का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें ठेकेदार द्वारा सीसी रास्ते पर 6 ईंच मोटाई तक निर्माण सामग्री का घोल डालना था परन्तु ठेकेदार द्वारा बडी लापरवाही और धांधलेबाजी करते हुये निर्माण सामग्री भी मानक के अनुसार नही लगायी गयी तथा न ही मानक के अनुसार सीसी रास्ते का निर्माण कराया जा रहा है। 6 ईंच के स्थान पर कही पर 25 ईंच तो कहीं कुल 3 इंच तक निर्माण सामग्री लगाकर सीसी रास्ता बनाया जा रहा है। आसु ने इसका विरोध किया तो ठेकेदार द्वारा फिर भी कोई कार्यवाही नही की गयी। इस संबंध में जब पूर्व प्रमुख विनोद मलिक से बात की गयी तो उन्होंने ब्लाक प्रमुख पाल्लो देवी के प्रतिनिधि के रुप में बताया।

# प्राथमिक विद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन

**मीरापुर।** कस्बे के प्राथमिक विद्यालय नंबर-2 में कक्षा 5 के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा कक्षा 5 के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने गीत, कविता, नृत्य और अन्य मनो. रंजक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उपस्थित शिक्षकों और विद्यार्थियों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में



विद्यालय में स्वच्छता, अनुशासन और पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शबिस्ता कुरैशी ने बताया कि विद्यालय में कक्षा 1 से लेकर कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों के लिए इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि कक्षा 5 के छात्र अब उच्च कक्षाओं में प्रवेश करेंगे, इसलिए उन्हें प्रोत्साहित करने और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ यह विदाई समारोह आयोजित किया गया। साथ ही विद्यालय में सराहनीय कार्य करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सहायक अध्यापिका हुमा परवीन, ऋचा आर्य, रेणु कुमारी, दीपा तथा शिक्षामित्र विवेक वर्मा सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

# शांति भंग करने वाले जाएंगे जेल : एसडीएम

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना परिसर में शनिवार के दिन आगामी ईद उल फितर के त्योहार को शांति और आपसी भाईचारे के साथ संपन्न कराने के लिए एक महत्वपूर्ण शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

एसडीएम बुढ़ाना सहित कई अधिकारियों, कस्बे व क्षेत्र के विभिन्न गांवों के सम्मानित नागरिकों और धर्मगुरुओं ने भाग लिया। बैठक के दौरान एसडीएम ख्र ष्णकांत ब्विकर्मा और सीओ गजेंद्र पाल सिंह ने सभी उपस्थित लोगों से त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान शांति भंग करने वाले तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक खबरों से बचने और किसी भी



संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल कोतवाली में या फिर उन्हें देने की बात कही।घ तब भाकियू नगर अध्यक्ष इसरार अहमद, जमियत उलेमा ए हिंद के जिला उपाध्यक्ष और मीडिया प्रभारी आसिफ कुरैशी, बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 के सभासद इमरान कुरैशी और वार्ड नंबर 3 के सभासद सलीम कुरैशी ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि क्षेत्र में ईद का त्योहार पूरी श्रद्धा और शांति के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान यहां पर बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री भी उपस्थित रहे।

## पहले दिन 4526 युवाओं ने छोड़ी एसआई परीक्षा

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक की भर्ती परीक्षा के पहले दिन दो पालियों में लिखित परीक्षा हुई। इस दौरान पुलिस प्रशासन के सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे। प्रशासन ने यहा आने वाले अभ्यर्थियों की तलाशी ली और सभीअभ्यर्थी सीसीटीवी कैमरों की नजर में रहे। हजारों की संख्या में अभ्यर्थियों ने लिखित परीक्षा दी। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत व अधीनस्थ अधिकारी परीक्षा केन्द्र का भ्रमण करते रहे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया। पुलिस प्रशासन का कहना है कि दूसरे दिन रविवार को दो पालियों में परीक्षा होनी है। जिले में उपनिरीक्षक की लिखित परीक्षा हुई। शनिवार की सवेरे परीक्षा शुरू हुई और यह परीक्षा 17 केन्द्रों पर हुई है। पहले दिन 4526 युवा एसआई की परीक्षा केन्द्रों पर नहीं पहुंचे। परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की परीक्षा केन्द्र के बाहर लम्बी कतारे लगी रही और परीक्षा केन्द्र के बाहर अभ्यर्थियों की तलाशी ली गई। इस दौरान कोई आपत्तिजनक सामग्री नही मिली। अभ्यर्थियों पर तीसरी आंख की नजर भी रही। पुलिस प्रशासन ने एक-एक अभ्यर्थी का प्रवेश पत्र चैक किया। इस दौरान एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत, अधीनस्थ अधिकारी मौजूद रहे। परीक्षा केन्द्र के दौरान सभी अभ्यर्थियों से मोबाईल, बैग व अन्य सामान जमा करा लिये गये थे।

# केवाईसी की ढीली प्रक्रिया व्यवस्था से उपभोक्ता हलकान

**मुजफ्फरनगर।** घरेलू गैस कनेक्शन से जुड़ी केवाईसी की ढीली प्रक्रिया ने उपभोक्ताओं को हलकान कर दिया है। सुबह से ही केवाईसी कराने के लिए महिलाओं सहित बुर्जुग लाईन में लगने को मजबूर है इसके बावजूद जब उनका नंबर आया तो सिर्फ एक ही जवाब सर्वर डाउन है कल आना इसके अलावा केवाईसी के नाम पर जबरन रेगुलेटर व पाइप थमाकर शुल्क वसूलने की शिकायतें भी दिन भर लाइन में लगे उपभोक्ताओं को मायूस कर रही हैं। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि लंबी कतारों में घंटों खड़े रहने के बाद भी उनकी केवाईसी पूरी नहीं हो सकी। कई लोगों का कहना था कि सुबह से लाइन में लगे होने के बावजूद दोपहर तक उनका काम नहीं हुआ। कर्मचारियों की धीमी कार्यप्रणाली और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए उचित इंतजाम न होने के कारण अधिकतर लोग निराश होकर लौट गए। लाइन में खड़े बुजुर्ग और महिलाएं भी परेशानी में रहे।उपभोक्ताओं का आरोप था कि बार-बार एजेंसी के चक्कर लगाने के बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा। वहीं, एजेंसी कर्मचारियों का कहना है कि एक साथ बड़ी संख्या में उपभोक्ता केवाईसी कराने पहुंचने के कारण काम पर दबाव बढ़ गया है। उन्होंने आ्वासन दिया कि जल्द ही सभी उपभोक्ताओं की केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर दी जाएगी और गैस सिलेंडर वितरण में भी सामान्य स्थिति बहाल कर दी जाएगी। एजेंसी पर केवाईसी प्रक्रिया के चलते हुई भीड़ ने स्थानीय प्रशासन और एजेंसी प्रबंधन की तैयारियों पर सवाल उठाए हैं। उपभोक्ताओं ने जिला प्रशासन से अपेक्षा जताई कि भविष्य में इस तरह की समस्याओं से बचने के लिए समय-समय पर अतिरिक्त व्यवस्था की जाए और लंबी कतारों से निजात दिलाई जाए।

# उप नियंत्रक ने की मंसूरपुर शुगर मिल के तोल कांटों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** विधिक माप विज्ञान के उप नियंत्रक नियंत्रक मुकेश कुमार के निर्देशन में मंसूरपुर शुगर मिल के तौल कांटों की जांच की गई,।

उप नियंत्रक मेरठ जोन स्वाती कौशिक ,सहायक उप नियंत्रक सहारनपुर पंचशील बौद्ध,, संजय कुमार ,विकास कुमार विमल कुमार, कल्पना तोमर, संजय कुमार आदि अधिकारियों ने मंसूरपुर शुगर मिल गेट के तोल कांटों की गहनता से जांच की। उन्होंने गन्ने से भरे हुए ट्रॉली तथा खाली ट्राली की जांच की । सभी तोल कांटे मानक के अनुसार सही पाए गए। मुकेश का कहना था कि आगे भी तौल कांटों की जांच कराई जाएगी। आज जांच में सब कुछ सही मिला।यदि कहीं घटतोली पकड़ी गई तो उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

इस दौरान उपाध्यक्ष सुधीर कुमार, गन्ना प्रबंधक उत्तम कुमार वर्मा, फैक्ट्री मैनेजर वी त्रिपाठी , संजीव कुमार शर्मा,आदि उपस्थित रहे।



## मदीनपुर खिजरपुर में हुई इफ्तार पार्टी

**बुढ़ाना।** स्थानीय वन विभाग से जुड़े मौहम्मद हुसैन शाह ने बीती शुक्रवार की शाम मुजफ्फरनगर रोड पर स्थित बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के मदीनपुर खिजरपुर गांवघ में अपने आवास पर एक इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। जिसमें सैकड़ों हिंदू मुस्लिम लोगों ने शिरकत कर सांप्रदायिक सौहार्द की मिशाल पेश की। मुख्य अतिथि आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राव नदीम एडवोकेट भी इस आयोजन में शामिल हुए और उन्होंने भाईचारे पर जोर दिया। अति विशिष्ट अतिथि आईएएस एजुकेशनल हैल्थ एंड सोशल इशूज ट्रस्ट के संस्थापक इंजिनियर मौहम्मद अरशद शाह, मजदूर किसान यूनियन पार्टी सुप्रीमो सुक्रमपाल कश्यप, राष्ट्र उदय पार्टी के वेस्टर्न यूपी अध्यक्ष संजीव पाल और आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी के राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार राव सलीम एडवोकेट ने संयुक्त रुप से कहा कि इस तरह के आयोजन से लोगों में सामूहिक रूप से इफ्तार व एकता और सद्भाव का संदेश मिलता है। रमज़ान का महीना लोगों को संयम, सेवा और भाईचारे का संदेश देता है। ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और आपसी प्रेम मजबूत होता है। यहां मुरसलीम शाह, मौहम्मद हुसैन अलवी, राष्ट्रीय महासचिव मौहम्मद अली जैदी और जिलाध्यक्ष हाफिज करीमूद्दीन आदि मौजूद रहे।

## मोम-टू के शूट को नोएडा रवाना हुए नवाजुद्दीन

**बुढ़ाना।** फिल्म स्टार नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपना कृषि भूमि खरीद का सारा काम पूरा करके शनिवार की सुबह बुढ़ाना से नोएडा फिल्म सिटी के लिए रवाना हो गये। जहां पर वे मोम टू फिल्म की शूटिंग करेंगे। वे यहां पर तीन दिन रहे। वे भी बालीवुड क्षेत्र में उतर आए हैं।नवाजुद्दीन सिद्दीकी की आने वाली फिल्मों के बारे मैं अगर बात की जाए तो उनकी आने वाली फिल्में रात अकेली है टू, द ग्रेट एस्केप फरार, आई एम नोट एन एक्टर, थम्मा, अद्भुत, सेक्शन 108, तम्बाड टू और नूरानी चेहरा आदि फिल्में हैं। इनमें से कुछ फिल्मों के रिलीज होने की संभावना इसी वर्ष है।

## दुकान में दिखा सांप तो वन विभाग की टीम ने किया रेस्क्यू

**बुढ़ाना।** मेरठ वाया करनाल हाइवे एक दुकान में जहरीला सांप दिखाई दिया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद सांप को सुरक्षित पकड़ कर सुरघक्षित स्थान पर छोड़ दिया। मिली जानकारी के अनुसार मेरठ वाया करनाल हाइवे पर थाना फुगाना के पास फौजी कंफैक्शनरी नाम से एक दुकान है। दुकान पर सफाई करते समय मालिक को अचानक सांप दिखाई दिया। घटना की सूचना वन विभाग के कर्मचारियों को दी गई। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के कर्मचारी ने सांप को पकडकर सुरघक्षित स्थान पर जंगल में छोड दिया।

## एनएसएस विशेष शिविर का शुभारंभ

**मीरापुर।** भगवंत ग्रुप ऑफ इंस्टीटड्शंस की दोनों इकाइयों द्वारा आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर का शुभारंभ उत्साह और जनभागीदारी के साथ हुआ। वहीं स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं ने सभी अतिथियों को एनएसएस का बैज लगाकर अभिनंदन किया। उद्घाटन अवसर पर डॉ. कावेंद्र यादव ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका उद्देश्य युवाओं में समाज सेवा की भावना विकसित करना, नेतृत्व क्षमता को बढ़ाना और उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कावेंद्र कुमार ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के उद्देश्यों और नॉट मी बट यू के मूल मंत्र की जानकारी दी। वहीं भगवंत इंस्टीटड्ूट ऑफ टेक्नोलॉजी की इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आदित्य कुमार शर्मा और शिक्षिका डॉ. चित्रलेखा शर्मा के मार्गदर्शन में स्वयंसेवक ग्रामीणों के बीच स्वच्छता, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम चला रहे हैं। शिविर की शुरुआत स्वच्छता व जनजागरूकता अभियान से की गई।

# 10 लाख नही मिलने पर विवाहिता की पिटाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** अतिरिक्त दहेज में दहेजलोभी ससुरालियों को जब दस लाख रुपये नहीं मिले तो विवाहिता की पिटाई की गयी। पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। सितारा पुत्री मेहरबान निवासी मौहल्ला नई बस्ती बुढ़ाना ने बुढ़ाना महिला थाना प्रभारी सुमन शर्मा को एक तहरीर देते हुए बतलाया की उसका निकाह बीते वर्ष समीर पुत्र मोनू निवासी गांव मानकमऊ जिला सहारनपुर के साथ में हुआ था। उसका पति समीर, देवर सानू, सास गुलशाना, जेठ सुहैल व ममससुर यामीन उसके साथ कम दहेज लाने पर मारपीट करके अतिरिक्त दहेज में 10 लाख रूपये की मांग करते चले आ रहे थे। मांग पूरी नही होने पर पांचों आरोपियों ने लगभग छह माह पहले उसको मारपीट कर घर से निकाल दिया था लेकिन कुछ जिम्मेदार लोगों ने उसका आरोपी ससुरालियों से समझौता कराकर उसे ससुराल भेज दिया था मगर इसके बाद भी उसके साथ मारपीट की जाती और दस लाख रुपये नही देने पर जिंदा जलाने की बात कही जाती थी। ससुरालिए उसको देवबंद भटे पर काम करने के लिए अपने साथ भी ले गये तो बीती 22 फरवरी को उसके दादा की मौत हो गयी तो उसने अपने ससुरालियों से अपने पीहर जाने को कहा तो उन्होंने नहीं भेजा और उसके साथ फिर से मारपीट की। तब पता चलने पर बीती 24 फरवरी को मेरे पिता देव. बंद पुलिस के जरिए मुझे अपने पीहर ले आए। अब पीड़िता ने बुढ़ाना महिला थाना पुलिस से पांचों आरोपियों के खिलाफ कडी कार्यवाही की मांग की है।

# एसडी इंजीनियरिंग में पीसीबी डिजाइन एवं निर्माण कार्यशाला का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एस।डी। कॉलेज ऑफ इंजी. नियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मुजफ्फरनगर में PCB डिजाइन एवं निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग द्वारा किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को Printed Circuit Board (PCB) की डिजाइनिंग और उसके निर्माण की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। कॉलेज में स्थापित आधुनिक तकनीक से युक्त च्ब्ठ लैब पूरे जिले में अपनी तरह की एकमात्र प्रयोगशाला है, जहां छात्रों को च्ब्ठ डिजाइन और निर्माण की वास्तविक प्रक्रिया को सीखने और अभ्यास करने का अवसर मिलता है। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञ अजय कुमार ने छात्रों को पीसीबी के मूल सिद्धांत, सर्किट डिजाइन, लेआउट तैयार करने तथा पीसीबी निर्माण की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही छात्रों को डिजाइन सॉफ्टवेयर की सहायता से पीसीबी तैयार करने और उसे प्रिंट कर वास्तविक रूप में विकसित करने की प्रक्रिया भी सिखाई गई। इस कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों ने इसे अपने तकनीकी ज्ञान और प्रैक्टिकल स्किल्स को बढ़ाने के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। इस अवसर पर संस्थान के सचिव अनुभव कुमार ने कहा कि आज के तकनीकी युग में छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं बल्कि व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि



इस प्रकार की कार्यशालाएं छात्रों को नई तकनीकों से परिचित कराकर उन्हें उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करती हैं। निदेशक डा. सिद्धार्थ शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि संस्थान का उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ प्रायोगिक कौशल प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि च्ब्ठ डिजाइन जैसी कार्यशालाएं छात्रों को नवाचार और शोध की दिशा में प्रेरित करती हैं तथा उन्हें भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार करती हैं।

## अभिषेक पंवार ने दी रोजा इफ्तार पार्टी



**बुढ़ाना।** गांव वैल्ली में पूर्व प्रधान घसीटा के आवास पर उनके पौत्र भाजपा नेता अभिषेक पंवार ने एक इफ्तार पार्टी रखी। जिसमें जिला पंचायत के वार्ड नंबर 21 व 22 के सैंकड़ों जिम्मेदार लोग आए। यहां अभिषेक पंवार ने बताया कि वे इन 2 वार्डों में से किसी एक वार्ड में जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव लडेंगे। सब लोगों ने अभिषेक पंवार को आशीर्वाद दिया और कहा कि वे चुनाव लड़ें तन मन धन से साथ रहेंगे। यहां रणवीर सिंह, अहमद, ह्दय, अरविंद, नीटू सहरावत, राजेंद्र पंवार, अशोक पंवार, मोमीन, अरुण मोर्य, रवि मोर्य, दीपक डबास, विवेक दताना, अनुज चौधरी, मंगल सेन मोर्य, जसवंत मोर्य, मेहरदीन, सरवर, मोनू, महकार समेत रियावली, रसूलपुर दभेडी, अलीपुर अटेरना, भनवाड़ा, मंडावली टोडा, बिटावदा, कुरथल, बड़कता, माजरा, कुतुबपुर दताना, वैल्ली समेत कई गांव के ग्रामीण मौजूद रहे।

# भाजपा नेता नितिन मलिक ने किया रक्तदान शिविर का उद्घाटन

**बुढ़ाना।** शनिवार के दिन बुढ़ाना कस्बे की श्री लच्छूराम मार्किट में सूर्य उदय जन कल्याण समिति के तत्वावधान मे एक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी मुजफ्फरनगर के जिला उपाध्यक्ष नितिन मलिक के कर कमलों के द्वारा सैंकड़ों गणमान्य लोगों की मौजूदगी में फीता काटकर किया गया। उन्होंने इस दौरान अपने सभी के सामने अपने संबा. धन मे कहा कि रक्तदान ही सबसे बड़ा दान होता है।

रक्त दान मानवता की सबसे बड़ी सेवा होती है। समय समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। आपका थोड़ा सा खून किसी भी मनुष्य की जिंदगी बचा सकता है। इसलिए जहां भी शिविर लगे वहां पहुंचकर रक्तदान करें ये ही सच्ची समाज सेवा है। इस दौरान नितिन मलिक द्वारा यहां पर शिविर में आए सभी रक्तदाताओं को बारी बारी से



सम्मानित किया गया। नितिन मलिक ने रक्तदाताओं के इस महान कार्य के लिए ह्दय से आभार और शुभकामनाएं दी और युवा साथियों के द्वारा लगाएं गए कैंप के लिए सभी की हिम्मत बढ़ाई और हौसला अफजाई भी की। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से रक्तदाता व बुढ़ाना पूर्व मण्डल अध्यक्ष भारत ठाकुर, मुकेश शर्मा, अंकुर सैनी, मनमोहन कश्यप, शिवांश सैनी, शंकर पाल, मोनू पाल और शुभम कश्यप आदि गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# जैन कन्या इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया श्री राम कॉलेज का शैक्षणिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ़्फ़रनगर।** श्री राम कॉलेज मे जैन कन्या इंटर कॉलेज, नई मंडी के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कॉलेज के विभिन्न विभागों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय तथा कैंपस का अवलोकन किया और आधुनिक शैक्षणिक वातावरण को देखकर उत्साहित एवं प्रसन्न दिखाई दिए।

भ्रमण के दौरान शरद कौशिक (प्रवेश विभाग) ने विद्यार्थियों को करियर काउंसलिंग पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य की शिक्षा एवं करियर विकल्पों के बारे में उपयोगी जानकारी दी। उनके विचारों से विद्यार्थियों ने न केवल नई जानका. रियाँ प्राप्त कीं, बल्कि आत्म विकास के प्रति नई प्रेरणा भी महसूस की।

इस अवसर पर जैन कन्या इंटर कॉलेज से शिक्षकगण सुनीता सहगल, किरण देवी, राखी कौशिक ,पूजा पाल उपस्थित रहे।

श्री राम कॉलेज की ओर से डॉ. सौरभ मित्तल (उप प्राचार्य), अजय चौहान (डीन एडमिशन) ने अतिथियों का स्वागत किया और विद्यार्थियों को कॉलेज की गति. विधियों से परिचित कराया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की संभावनाओं और व्यावसायिक जगत से जोड़ना रहा। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं समूह छायाचित्र के साथ हुआ।



शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** एक विवाहिता की संदिग्ध मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका के परिजनों ने महिला की हत्या का आरोप उसके ही पति पर लगाया है। पुलिस ने मौके से फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी है।

घटना कस्बे के मोहल्ला महल की है। मृतका की पहचान शबाना (40) पत्नी सलीम के रूप में हुई है। वह मोहल्ला सराय निवासी इनाम की बेटी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।परिजनों के अनुसार करीब 20 साल पहले शबाना की शादी गागलहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव कैलाशपुर निवासी सलीम के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही सलीम का व्यवहार आक्रामक था। कई बार इस मामले में दोनों पक्षों के बीच पंचायत भी हुई, लेकिन सलीम के व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया।परिवार का कहना है कि बेटी की सुरक्षा को देखते हुए उन्होंने बाद में रामपुर मनिहारान में ही उसके लिए एक मकान बनवा दिया, ताकि वह वहीं अपने पति के साथ रह सके। इसके बावजूद पति का रवैया नहीं बदला।मृतका के परिजनों का आरोप है कि बीती रात सलीम ने शबाना को पहले कोई नशीला पदार्थ दिया और फिर तकिये से उसका मुंह दबाकर हत्या कर दी। आरोप है कि वारदात के बाद आरोपी ने अपने दामाद को फोन कर कहा कि मैंने तेरी सास को मार दिया है, उसके घर वालों को बता देना।दामाद ने तुरंत शबाना के मायके वालों को फोन कर इसकी जानकारी दी। खबर मिलते ही परिजन रात में ही घर पहुंचे, जहां शबाना मृत अवस्था में पड़ी मिली। तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुका था।



बताया जा रहा है कि वारदात के बाद सलीम को गली में लगे सीसीटीवी कैमरों में घर से निकलते हुए देखा गया है। पुलिस अब इन कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राधेश्याम यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम ने कमरे से कई नमूने और साक्ष्य एकत्र किए हैं।

थाना प्रभारी राधेश्याम यादव ने बताया कि विवाहिता की मौत किन परिस्थितियों में हुई है, इसका स्पष्ट पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

# भ्रष्टाचार निवारण न्यायालय में सात पुलिस अफसरों पर हुआ परिवाद दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भ्रष्टाचार निवारण न्यायालय ने सात पुलिस अधिकारियों के खिलाफ गंभीर आरोपों से जुड़े एक मामले में परिवाद दर्ज कर लिया है। न्यायालय द्वारा मामला स्वीकार किए जाने के बाद इसकी अगली सुनवाई 28 मार्च को निर्धारित की गई है। इस मामले के सामने आने के बाद पुलिस विभाग और प्रशासनिक हलकों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

जानकारी के अनुसार यह परिवाद तत्कालीन एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार रिसोसिया, नगर कोतवाली के पुलिस इंस्पेक्टर नेमचंद सिंह, उपनिरीक्षक राजकुमार त्यागी, ललित तोमर, सुनील वर्मा, ज्ञानेंद्र सिंह समेत अन्य पुलिस अधिकारियों के खिलाफ दायर किया गया है। इन सभी पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। मोहल्ला छिपियान निवासी इमरान अंसारी ने भ्रष्टाचार निवारण न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करते हुए आरोप लगाया कि संबंधित पुलिस अधिकारियों ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए उनके खिलाफ चार मुकदमे दर्ज कराए। वादी का कहना है कि इन मामलों में उन पर ब्लैकमेलिंग से जुड़ी धारा 386 और 308 (5) जैसी गंभीर धाराएं लगाई गईं, जबकि वास्तविक तथ्यों के अनुसार इन धाराओं का कोई आधार नहीं था।

वादी के अनुसार यदि प्रार्थना पत्रों की सामग्री को देखा जाए तो अधिकतम धारा 385 और 308 (2) का मामला बनता था, जिनमें अपेक्षाकृत कम सजा का प्रावधान है।

आरोप है कि जानबूझकर अधिक कठोर धाराएं लगाकर उन्हें गंभीर अपराधी दर्शाने की कोशिश की गई और इसी आधार पर उन्हें करीब एक वर्ष तक जेल में रहना पड़ा। जेल से रिहा होने के बाद वादी इमरान अंसारी ने इस पूरे प्रकरण को उच्च न्यायालय में चुनौती दी, जहां से संबंधित कार्यवाही पर स्थगन आदेश प्राप्त हुआ। इसके बाद उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर भ्रष्टाचार निवारण न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

प्रावधान के आधार पर न्यायालय ने प्रस्तुत तथ्यों और दस्तावेजों का अवलोकन करने के बाद सात पुलिस अधिकारियों के खिलाफ परिवाद दर्ज कर लिया। न्यायालय ने मामले को सुनवाई योग्य मानते हुए इसकी अगली तारीख 28 मार्च तय की है।

# मुस्लिम फंड ट्रस्ट शाखा मैनेजर के पुत्र का इंतकाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नागल।** मुस्लिम फंड ट्रस्ट नागल शाखा के मैनेजर साजिद हसन के पुत्र शाहिद हसन उर्फ बिट्टू का निधन होने पर कस्बे के गणमान्य लोगो व फंड के कर्मचारियों ने शोक व्यक्त किया है।

मिली जानकारी के मुताबिक शाहिद उर्फ बिट्टू 35 पिछले काफी समय से बीमार चल रहो था । शनिवार शाम अपने आवास मोहल्ला जोशीवाड़ा देवबंद में अंतिम सांस ली । उनके इंतकाल की खबर से परिजनों, रिश्तेदारों और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई। उनके इंतिकाल की सूचना मिलते ही मुस्लिम फंड ट्रस्ट नागल व देवबंद के जिम्मेदारों, कर्मचारियों और क्षेत्र के लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया। जिनमे मुख्य रूप से मुस्लिम फंड ट्रस्ट देवबंद के मैनेजर सुहेल सिद्दीकी, सचिव अनस सिद्दीकी, पत्रकार मनसब अली परवेज, शाहनवाज अली,उस्मान अली, हाफिज इंतजार, हाफिज सलीम अहमद, मोमिन अली, हाजी अब्दुल लतीफ, अब्दुल सत्तार, मोहम्मद इकबाल, खालिद, मुन्नन खान, मोहम्मद इस्लाम, नौशाद अली, हाजी मुतंजिर, इसरार अहमद, इरशाद अली, बिरमपाल प्रधान, डा जावेद, मुदस्सिर, परवेज, मुफ्ती जमशेद, अय्यूब अली, मुस्तकीम आदि शामिल रहे।

# राष्ट्रीय गोष्ठी के दूसरे दिन किए शोधपत्र प्रस्तुत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जे वी जैन कालेज के स्ववित्त पोषित विभाग के विकसित भारत 2047 एक राष्ट्र अनंत क्षितिज हर क्षेत्र को बदलने के लिये अभिसारी विचार गोष्ठी के दूसरे दिन विज्ञान तकनीकी एवं इंजीनियरिंग विषय पर शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये।

कालेज प्रांगण में प्रथम तकनीकी सत्र (ब) में मानविकी कला एवं समाजिक विज्ञान विषय पर शोधार्थीयों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये। जिसकी अध्यक्षता प्रो कुलदीप व उपाध्यक्ष प्रो. शशि नौटियाल रही।प्रथम तकनीकी सत्र (स) में वाणिज्य, प्रबन्धन, अर्थशास्त्र, विधि एवं गृहविज्ञान विषय पर शोधार्थीयों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये जिसकी अध्यक्षता प्रो. नीता कौशिक और डॉ. हरवीर सिंह चौधरी इसके उपाध्यक्ष रहे। द्वितीय तकनीकी सत्र में विज्ञान तकनीकी एवं इंजीनियरिंग विषय पर शोधार्थीयों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये जिसकी अध्यक्षता प्रो. धर्मेन्द्र कुमार व उपाध्यक्ष डॉ. पूजा शर्मा रही। द्वितीय तकनीकी सत्र (ब) में मानविकी कला एवं समाजिक विज्ञान विषय पर शोधार्थीयों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये जिसकी अध्यक्षता प्रो. सीमा चौधरी व उपाध्यक्ष प्रो. अशोक शर्मा रहे। द्वितीय तकनीकी सत्र (स) में वाणिज्य, प्रबन्धन, अर्थशास्त्र, विधि एवं गृहविज्ञान विषय पर शोधार्थीयों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये जिसकी अध्यक्षता प्रो. पूनम शर्मा और डॉ. हरवीर सिंह चौधरी उपाध्यक्ष रहे। समापन सत्र में प्रो. लोकेश कुमार एवं प्रो पंकज गुप्ता द्वारा मुख्य अतिथि मां शाकम्भरी देवी विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक सिद्दार्थ शंकर त्रिपाठी का स्वागत बुके देकर एवं पटका पहनाकर किया गया।




प्राचार्य प्रो. वकुल बंसल द्वारा मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया एवं उपस्थित विद्ववत्जनों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद किया गया। मंच संचालन प्रो. मनु गुप्ता ने किया। डा.संदीप गुप्ता ने आयोजन में अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

# जर्जर बना गंगोह का प्राचीन ऐतिहासिक द्वार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** गंगोह नगर का ऐतिहासिक प्राचीन द्वार बेहद जर्जर हालत में है। जो कभी भी हादसे का सबब बन सकता है।

मोहल्ला छत्ता निकट छोटा कालेज के पास पूर्व अध्यक्ष लाला ओमप्रकाश द्वार बना हुआ है। जो जर्जर हालत में है। गेट नीचे से जर्जर व उसमें दरार आ गई हैं। जो कभी भी हादसे का सबब बन सकता है। नगर के व्यापारी नेता मनोज गोयल बताया कि नगर में ये चार गेट हैं जो अंग्रेजों के शासन काल मे बने थे। संदीप गोयल, अमित ने बताया कि यह द्वार केवल एक रास्ता नहीं बल्कि नगर की पहचान और इतिहास का महत्वपूर्ण प्रतीक है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए किसी भी समय कोई बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। जिससे आम जनता और राहगीरों को गंभीर खतरा हो सकता है।



# इंद्रप्रस्थ कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में चल रहे सात दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शनिवार को समापन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के चेयरमैन डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ ने ध्वजारोहण कर एंव तिरंगे को सलामी देते हुए राष्ट्रगान गाकर किया। आज खेले गये फाइनल मुकाबलों के बैडमिंटन में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान रक्षित राणा व प्रणव तथा महिला वर्ग में प्रथम स्थान ज्योति व अग्रिम ने प्राप्त किया। खो खो पुरुष वर्ग में बीसीए की टीम विजेता रही। इसके अलावा खो खो महिला वर्ग में बीपीईएस की टीम विजेता रही। वॉलीबॉल में पॉलिटेक्निक की टीम ने जीत हासिल की तथा द्वितीय स्थान पर बीपीईएस की टीम रही। शतरंज में प्रथम स्थान पूजा रानी तथा द्वितीय स्थान अनुष्का ने प्राप्त किया। इसके अलावा क्रिकेट में बीपीईएस की टीम विजेता रही। टीम को चौंपियन ट्रॉफी से नवाजा गया। कबड्डी पुरुष वर्ग में बीपीईएस की टीम विजेता रही तथा महिला वर्ग में बीए की टीम ने जीत हासिल की। योग में प्रथम स्थान अनुष्का शर्मा ने प्राप्त किया। इसके अलावा 100 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान अक्षत सैनी, द्वितीय स्थान हर्ष, व तृतीय स्थान मनीष ने प्राप्त किया तथा 100 मी महिला वर्ग में द्वितीय स्थान बादल व तृतीय स्थान आशीष ने प्राप्त किया। इसके अलावा 400 मी महिला वर्ग में प्रथम स्थान सिमरन, द्वितीय स्थान तनु व तृतीय स्थान ज्योति ने प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में 1600 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान अवनीश, द्वितीय स्थान अभिषेक,



प्रथम स्थान प्राची मलिक, द्वितीय स्थान शीतल तथा तृतीय स्थान आरुषि ने प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान आशीष, द्वितीय स्थान अक्षित व तृतीय स्थान सौरभ ने प्राप्त किया। 400 मी पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान हर्ष, तृतीय स्थान बादल में प्राप्त किया तथा 1600 मी महिला वर्ग में प्रथम स्थान रितु कश्यप ने प्राप्त किया। रस्साकशी में पुरुष वर्ग में बीपीईएस की टीम विजेता रही तथा विजेता छात्रों में पुष्पेंद्र, सौरभ, आलोक, रजनीश ,निशांत, रक्षित अभिषेक, दीक्षित ,हर्षित रहे। रस्साकशी में महिला वर्ग में भी विजेता टीम बीपीईएस की रही जिसमें विजेता छात्रों में पूजा, मानसी, रूपल, अंशु ,सिमरन, प्राची, तनु ,नंदिनी ,अंशिका रहे। संस्था के चेयरमैन डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ ने कहा कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है संस्था की ग्रुप निदेशक डॉ अंजू वालिया ने कहा की खेलकूद में अनुशासन बहुत जरूरी है। प्रतियोगिता कोऑर्डिनेटर सोनम राजपूत व विकास चौधरी रहे।

# सांप्रदायिक सौहार्द देश की पहचानःसत्यम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** सत्य संयम भूर्यान व श्वेता सैनी ने कहा कि प्रेम एकता साम्प्रदायिक सौहार्द महान भारत की पहचान है। जो भारत को दुनिया में विशेष बनाते हैं।

पूर्व कॉंग्रेस प्रदेश सचिव सत्य संयम भूर्यान व महिला कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती श्वेता सैनी द्वारा विरासत फार्म्स पर रोजा अफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। सत्य संयम भूर्यान ने कहा कि भारत सभी धर्मों का सम्मान करने वाला देश है।भारत उस चमन की तरह है जिसमें तरह तरह के फूल खिलकर खुशबू बिखेरते हैं।श्रीमती श्वेता सैनी ने कहा हमारे लिए सभी देशवासी एक समान हैं।हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं।उन्होंने कहा कि रोजा अफ्तार पार्टी हमारी गंगा जमनी सभ्यता का प्रतीक है।साथ बैठने से ही एक दूसरे के विचारों का पता चलता है।



पूर्व चेयरपर्सन प्र0,वरिष्ठ कॉंग्रेस नेता विवेककान्त सिंह ने कहा कि कॉंग्रेस की सोच हमेशा से एकता की रही है।

इस दौरान महानगर कॉंग्रेस अध्यक्ष मनीष त्यागी, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक कांग्रेस गुलशेर अल्वी, राव आरिफ सलीम, सरदार हनी सिंह कनाडा,राव आमिल, काजी नदीमुल हक, काजी अदील फारूकी, हाजी मोहम्मद अय्यूब, आबिद हसन, खलील अहमद, नसीम भारती, गुलफाम मलिक आदि मौजूद रहे। पूर्व कॉंग्रेस नगर अध्यक्ष अजीम मलिक का विशेष सहयोग रहा।

# विज्ञान मेले में मॉडल्स का प्रदर्शन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पीएम श्री उच्च विद्यालय, कैलाशपुर में विज्ञान मेले का आयोजन किया गया।

छात्रों द्वारा बनाए वैज्ञानिक मॉडल और उपकरणों का अवलोकन करते हुए भाजपा पंचायत प्रकोष्ठ के संयोजक राजेश जौहरी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि भारत का उज्ज्वल भविष्य इन विद्यार्थियों में ही निहित है। यदि विद्यार्थी अपने शिक्षकों और माता-पिता का सम्मान करते हुए तथा बड़ों का आशीर्वाद लेकर आगे बढ़ेंगे, तो निश्चित रूप से सफलता और समृद्धि प्राप्त करेंगे। संयोजन रेखा सैनी द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य शमा परवीन ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान शिक्षकगण नीरज धीमान, वेदपाल, रंजना गुसाईं, अंश सहगल, शहजाद गालिब, मीनू ग्रेवाल, गजाला परवीन, अजय सिंह, अजीत सिंह, मनीषा रानी, उसमेश देवी, स्मिता अरोड़ा और मोनू बिष्ट सहित उपस्थित रहे।

# ईद को लेकर नगर पालिका की तैयारियां शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** आगामी ईद-उल-फितर के पावन पर्व को लेकर नगर पंचायत प्रशासन ने अभी से तैयारियां तेज कर दी हैं। चेयरमैन व प्रशासनिक लोगों ने ईदगाह पहुंचकर कर साफ-सफाई और अन्य आवश्यक इंतजामों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ईदगाह परिसर व आसपास के मार्गों और जल निकासी व्यवस्था को ध्यानपूर्वक देखा गया, ताकि नमाज अदा करने आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

इस दौरान नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि एडवोकेट नईम अहमद, अधिशासी अधिकारी अनिल भास्कर, वरिष्ठ लिपिक राजकुमार आदि ने अन्य कर्मचारियों के साथ वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

चेयरमैन प्रतिनिधि एडवोकेट नईम अहमद ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि ईद से पूर्व ईदगाह तथा आसपास के क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाकर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाएं।उन्होंने कहा कि ईद का पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है और नगर पंचायत की प्राथमिकता है कि नमाज अदा करने आने वाले लोगों को स्वच्छ व बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जाए। वहीं अधिशासी अधिकारी अनिल भास्कर ने बताया कि ईद को लेकर नगर पंचायत की टीम को पहले ही सतर्क कर दिया गया है। ईदगाह क्षेत्र और आसपास के इलाकों में विशेष साफ-सफाई कराई जा रही है तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी समय रहते सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हो सके।


**कार्यालय ग्राम पंचायत रसूलपुर विकासखण्ड सढौली कदीम, जिला सहारनपुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत निर्माण ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रसूलपुर, विकासखण्ड सढौली कदीम में मनरेगा योजनान्तर्गत आयोग मद में धनराशि से कविता पत्नी स्व0 नरेन्द्र का पशु शेड बनाया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक ठेकेदार ग्राम प्रधान / ग्राम सचिव से कार्य सम्बंधित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं।

| कार्य का नाम | योजना का नाम | कार्य की अवधि |
|---|---|---|
| कविता पत्नी स्व0 नरेन्द्र का पशु शेड | मनरेगा | 15 दिन |


## श्रद्धासुमन अर्पित

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय संत शिरोमणी सतगुरु रविदास मिशन के तत्वाधान में सतगुरू स्वामी समनदास महाराज के शिष्य मास्टर हरिकिशन की दूसरी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ संत शिरोमणि सतगुरु रविदास जी महाराज सतगुरु स्वामी समनदास महाराज के श्रीचरणों में आरती वंदना से किया गया।


**नाम परिवर्तन**

**मैंने अपना नाम गुरुदयाल से बदलकर गुरुदयाल गौतम रख लिया है। भविष्य में मुझे गुरुदयाल गौतम के नाम से जाना जाए।**

**गुरुदयाल गौतम पुत्र मांगेराम निवासी ग्राम नाल्हेडा पोस्ट व थाना चिलकाना जिला सहारनपुर यूपी-247231**


# लोक अदालत में निपटाए गए वादकारियों के वाद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद न्यायाधीश सतेंद्र कुमार ने कहा कि न्यायिक अधिकारी अधिक से अधिक वादों का कम से कम खर्च पर निस्ताकरण भारी संख्या में वादकारियों को लाभ दिलाने का काम करें।

जनपद न्यायाधीश सतेंद्र कुमार आज राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आयोजित होने वाली लोक अदालत का मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ करने के बाद न्यायिक अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों का आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक वादों का सुलह-सुलह समझौते के आधार पर संवैधानिक तरीके से निस्तारण करने का काम करें। उन्होंने कहा कि लोक अदालत का मकसद लोगों को कम खर्च पर शीघ्र न्याय दिलाना है।

उन्होंने कहा कि चालान सम्बंधी मामलों में कम से कम जुर्माना संवैधानिक तरीके से वसूला जाए। तत्पश्चात जनपद न्यायाधीश ने मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिनियम, वैवाहिक वाद, लघु शमनीय वाद, भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, एनआई एक्ट, दीवानी वाद, विद्युत अधिनियम, एमवी एक्ट व ट्रैफिक ई-चालान, भू-राजस्व, बैंक ऋण से सम्बंधित अधिकारियों से मुलाकात कर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय देवेन्द्र सिंह, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी अम्बर रावत, बार एसोसिएशन अध्यक्ष राहुल त्यागी तथा सचिव पालम राणा मौजूद रहे।


**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय जौला डिण्डौली (बालक) सहारनपुर में चार दीवारी निर्माण में बाधक (यूकोलिप्टिस 01, वर्माडेग 08, एलेस्टोनिया 11, कंजी 02, पीपल 03, सहजन 02, मलवरी 01, अशोक 10, फाइकस सप्तपणी 01, कदम 01, जमोया 02, रबड़ 01 अमलताश 01) कुल 44 पेड़ों की नीलामी दिनांक 18.03.2026 को होनी है इच्छुक फर्म/ठेकेदार 500 रूपये धरोहर राशि जमा कर बोली में प्रतिभाग कर सकते हैं।

**(डा0 वीरेन्द्र कुमार)**
**प्रधानाचार्य- जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय बालक जौला डिण्डौली सहारनपुर।**


# रंगारंग प्रस्तुतियों संग शिविर संपन्न




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** हरि ग्रुप में बीएड एवं डीएलएड के छात्र-छात्राओं का पांच दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर सम्पन्न हो गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक चौधरी हरिपाल सिंह, प्राचार्य डॉ. एन.पी. राठौर और रजिस्ट्रार डॉ. सचिन गुप्ता ने फीता काटकर किया। शिविर में टेंट निर्माण, रंगोली और बौद्धिक गतिविधियों की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विजेताओं को ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया गया। टेंट निर्माण में उत्तर प्रदेश-हरियाणा की संयुक्त टोली प्रथम, पंजाब द्वितीय और महाराष्ट्र तृतीय रही, जबकि रंगोली में उत्तराखंड की टोली प्रथम रही। डीएलएड की छात्राएं साक्षी और शिवानी ने बौद्धिक गतिविधियों में पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर डायरेक्टर मयंक चौधरी ने कहा कि स्काउट-गाइड प्रशिक्षण विद्यार्थियों के जीवन और सेवा कार्यों में बेहद उपयोगी साबित होता है। कार्यक्रम में स्काउट गाइड कमिश्नर अनिल भारद्वाज भी मौजूद रहे।

# शामली में ठेके बंद होने के बाद भी धड़ल्ले से बिक रही शराब

■ दिल्ली रोड व एमएसके रोड पर नियमों की उड़ रही धज्जियां, आबकारी विभाग मौन।




**सुनील वर्मा**

**शामली।** जनपद शामली में आबकारी विभाग की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। नगर के दिल्ली रोड और एमएसके रोड स्थित शराब के ठेकों पर निर्धारित समय के बाद भी खुलेआम अवैध रूप से शराब बेचे जाने का मामला सामने आ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेका बंद होने के बाद भी देर रात तक ओवररेट पर शराब बेची जा रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस पूरे मामले पर चुप्पी साधे बैठे हैं।

बताया जा रहा है कि नियमों के अनुसार तय समय के बाद शराब की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित होती है, लेकिन इन ठेकों पर नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। देर रात तक शराब की बिक्री होने से आसपास के क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लगा है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार ठेका संचालकों से इस अवैध बिक्री का विरोध भी किया गया, लेकिन विरोध करने वालों को दबंगई दिखाकर चुप कराने की कोशिश की जाती है। लोगों का आरोप है कि ठेका संचालकों को किसी का डर नहीं है और वे खुलेआम नियमों को ताक पर रखकर मनमानी कर रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर खड़ा हो रहा है। जब शहर के मुख्य मार्गों पर स्थित ठेकों पर ही इस तरह अवैध बिक्री हो रही है, तो विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी क्यों नहीं है या फिर जानबूझकर आंखें मूंदी जा रही हैं। अगर समय पर कार्रवाई की जाए तो इस तरह की अवैध बिक्री पर आसानी से रोक लगाई जा सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि देर रात तक शराब की बिक्री से शहर का माहौल खराब हो रहा है। कई बार नशे में धुत लोग सड़कों पर हंगामा करते देखे जाते हैं, जिससे कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। इसके बावजूद आबकारी विभाग की चुप्पी लोगों को समझ नहीं आ रही है। लोगों ने जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि दिल्ली रोड और एमएसके रोड स्थित शराब के ठेकों की तत्काल जांच कराई जाए और यदि निर्धारित समय के बाद शराब बेचते पाए जाते हैं तो ठेका संच. ालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही आबकारी विभाग की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि आखिर किसकी शह पर नियमों की इस तरह धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। यदि समय रहते इस मामले पर सख्त कदम नहीं उठाए गए तो अवैध शराब बिक्री का यह खेल यूं ही चलता रहेगा और कानून व्यवस्था पर इसका सीधा असर पड़ता रहेगा। शहरवासियों की निगाहें अब प्रशासन पर टिकी हुई हैं।

आबकारी अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया तो अधिकारी द्वारा फोन कॉल को रिसीव नही किया गया।

## घर में घुसकर महिला से मारपीट, कान फाड़ने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव अलीपुर में घर में घुसकर एक महिला से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने दो लोगों पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने तथा उसका कान फाड़ देने का आरोप लगाया है। मामले में पीड़िता ने कोतवाली कैराना में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गांव अलीपुर निवासी आबिदा पत्नी इकराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 मार्च 2026 की सुबह करीब नौ बजे वह अपने घर के घेर में लेटी हुई थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव के कलीम पुत्र कासिम और सलमा पत्नी इंतजार एक राय होकर जबरन उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने आते ही गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसका कान फाड़ दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई और खून बहने लगा। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और उसे आरोपियों से बचाया। बताया गया है कि जाते समय आरोपी महिला को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उधर, कोतवाली कैराना पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## कार की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला, छह पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** दहेज में चार पहिया वाहन की मांग पूरी न होने पर विवा. हता को प्रताड़ित कर घर से निकालने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर महिला थाना कैराना पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र के गांव मन्ना माजरा निवासी उस्माना पत्नी बिलाल ने महिला थाना कैराना में दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी करीब 16 वर्ष पूर्व सहारनपुर जनपद के थाना गंगोह क्षेत्र के गांव खानपुर निवासी बिलाल पुत्र आबिद के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज में चार पहिया गाड़ी की मांग करते हुए उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते रहे। पीड़िता का कहना है कि उसके पिता और भाई नहीं हैं, जिस कारण वह दहेज की मांग पूरी करने में असमर्थ थी। इसी बात को लेकर ससुराल पक्ष के लोगों ने कई बार उसके साथ मारपीट की।आरोप है कि करीब पांच माह पहले ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे घर से निकाल दिया। विवाहिता के अनुसार उसका एक बेटा और दो बेटियां फिलहाल ससुराल पक्ष के पास ही हैं।

तहरीर में यह भी बताया गया है कि चार जनवरी 2026 की शाम करीब पांच बजे मेहरबान, फरमान, वैसर, कौशर, सास मूदी व ससुर आबिद उसके घर पहुंचे और मकान अपने नाम कराने का दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और दहेज में गाड़ी लाने तक घर में न रहने देने की धमकी दी। महिला थाना कैराना पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नगर में धूमधाम से निकाली श्री खाटूश्याम की शोभायात्रा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को शहर में मंदिर ठाकुरद्वारा से श्री खाटू श्याम की भव्य शोभायात्रा बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। इस भव्य यात्र में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे मार्ग पर भक्तिमय माहौल बना रहा। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने फूल-मालाओं से शोभायात्रा का स्वागत किया और बाबा खाटू श्याम के जयकारे लगाते रहे।

शोभायात्र का आयोजन श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में किया गया। यह यात्रा मंदिर ठाकुरद्वारा से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। इसमें बड़ा बाजार, गांधी चौक, सुभाष चौक, अग्रसेन पार्क, नेहरू मार्केट, रेलवे रोड, मंडी गांधी गंज और माजरा रोड शामिल थे। अंत में शोभायात्रा शौर्य पैलेस पहुंचकर संपंन हुई। शोभायात्रा में बाबा खाटू श्याम की सजी-धजी पालकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। पालकी के साथ-साथ विभिन्न धार्मिक झांकियां भी शामिल थीं, जिन्हें देखने के लिए मार्गों पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालु पूरे रास्ते भजन-कीर्तन करते हुए बाबा श्याम के जयकारे लगाते रहे, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बन गया। नगर के कई हिस्सों में व्यापारियों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों द्वारा शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। श्रधालुओं ने फूल-मालाएं अर्पित कर पालकी का स्वागत किया और पूरे उत्सव में पूजा-अर्चना की। जगह-जगह जलपान और प्रसाद की भी व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के दौरान सहयोग करने वाले व्यापारियों, दुकानदारों और समाजसेवी लोगों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, नगर पालिका चेयरमैन अरविंद संगल, बनत चेयरमैन पति धर्मवीर सिंह, अजय संगल, दीपक कुमार, मनोज मित्तल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शोभायात्र के दौरान व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम के चलते कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं और आयोजकों ने इस भव्य आयोजन को यादगार और भक्तिमय बताया।

## चेकिंग अभियान से मचा हड़कम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के मुख्य मार्गो पर यातायात व कोतवाली पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान में वाहन चालकों में हड़कम्प मचा रहा।

शनिवार को नगर के एसटी तिराहा, विजय चौक, अजंता चौक, फव्वारा चौक सहित विभिन्न स्थानों पर पुलिस ने सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान जहां वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत कराया गया, वही कागजों में अनियमित्ता पाए जाने पर दर्जनों वाहनों के खिलाफ चालानी कार्यवाही को अमल में लाया गया।

## राजस्व कार्रवाई से नाराज होकर की शिकायत, बंजर भूमि पर मिली सड़क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** क्षेत्र के गांव जमालपुर निवासी एक व्यक्ति द्वारा शोएब पुत्र तैयब के खिलाफ दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र की जांच में मामला राजस्व भूमि से जुड़ा पाया गया है। जांच में सामने आया कि शिकायत करने वाला व्यक्ति राजस्व विभाग की कार्रवाई से नाराज होकर शिकायत कर रहा है। जमालपुर निवासी कमल सैनी ने शोएब पुत्र तैयब के खिलाफ शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की थी। इस पर संबंधित अधिकारियों द्वारा मामले की जांच कराई गई। जांच के दौरान राजस्व अभिलेखों का अवलोकन किया गया, जिसमें पता चला कि शोएब पुत्र तैयब का घेर बंजर भूमि के खसरा नंबर 313 तथा नाली के खसरा नंबर 317 पर बना हुआ है। साथ ही यह भी पाया गया कि उसने बंजर भूमि के खसरा नंबर में ही रास्ता बना रखा है। मामला सामने आने के बाद राजस्व विभाग की ओर से उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 67द्ध1ऋ के तहत कार्रवाई की गई है ।अधिकारियों का कहना है कि उक्त कार्रवाई के बाद संबंधित व्यक्ति नाराज हो गया और उसने शिकायत कर दी। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार मामले की जांच पूरी कर ली गई है और राजस्व नियमों के अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि से जुड़े मामलों में नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

## कहासुनी के बाद युवक की डंडों-बेल्टों से पिटाई

### नमाज पढ़कर लौट रहे युवक पर चार युवकों का हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के गंगेरू मार्ग पर मोहल्ला खेल में मामूली कहासुनी के बाद एक युवक के साथ चार युवकों द्वारा डंडों व बेल्टों से मारपीट कर दी।

मारपीट की पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना के बाद आरोपी युवक को घायल अवस्था में छोड़कर मौके से फरार हो गए। परिजनों ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। और थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस आरो. पियों की तलाश में जुटी हुई है। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी खुशनुदा पत्नी शमशेर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र अजहर शुक्रवार देर शाम पास की मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए गया था। आरोप है कि उसी दौरान पड़ोस के चार युवकों से किसी बात को लेकर उसकी कहासुनी हो गई। कहासुनी बढ़ने पर आरोपियों ने अजहर पर डंडों और बेल्टों से हमला कर दिया। मारपीट की घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए, लेकिन आरोपी युवक को घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गए । परिजनों ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां उसका मेडिकल परीक्षण कराया। इसके बाद पीड़ित की मां ने थाने पहुंचकर आरो. पियों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आ श्वासन देकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त हो गई है। पुलिस जांच कर आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## खेत पर टहलने गई पूर्व उप प्रधान रहस्यमय तरीके से लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन क्षेत्र के गांव जाफरपुर की पूर्व उपप्रधान सविता शर्मा के लापता होने का मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार 6 मार्च को सविता शर्मा अपने खेतों की ओर टहलने के लिए गई थीं लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटीं। जब काफी देर तक उनका कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने आसपास के खेतों और गांव में देर रात तक उनकी तलाश की लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल सका। इसके बाद 7 मार्च को परिजनों ने थानाभवन थाने में पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया जा रहा है कि सविता शर्मा की उम्र लगभग 62 वर्ष है और वह गांव जाफरपुर की पूर्व उपप्रधान रह चुकी हैं। घटना के बाद से परिवार में चिंता का माहौल है और परिजन लगातार संभावित स्थानों पर उनकी तलाश में जुटे हुए हैं। इस मामले में थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। पुलिस द्वारा लगातार खोजबीन की जा रही है और विभिन्न स्थानों पर जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने परिजनों को आश्वासन दिया है कि हर संभव प्रयास कर जल्द से जल्द महिला का पता लगाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं ग्रामीण भी परिवार के साथ मिलकर उनकी तलाश में सहयोग कर रहे हैं।

## न्यायालय के आदेश पर पत्नी समेत चार पर मुकदमा, पुलिस पर अनदेखी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पत्नी और ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से परेशान एक युवक को न्याय के लिए आखिरकार न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। न्यायालय के आदेश पर कैराना कोतवाली पुलिस ने पत्नी सहित चार लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम तित्तरवाड़ा निवासी फैजान पुत्र इकराम ने बताया कि उसकी शादी मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार गांव गढ़ी दौलत निवासी ताजरीन पुत्री नवाब के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष के लोग उससे रंजिश रखने लगे और उसे परेशान करने लगे। पीड़ित का आरोप है कि 26 मार्च 2024 को दोपहर करीब ढाई बजे वह अपनी माता के साथ जनपद पानीपत जा रहा था। इसी दौरान यमुना पुल मार्ग पर चौधरी होटल के पास उसकी पत्नी ताजरीन, जुबैर, महताब और सलमे उर्फ लाली निवासीगण गांव गढ़ी दौलत ने उसे रोक लिया और लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। आरोप है कि इस दौरान उसकी माता के साथ भी अभद्रता और अश्लील हरकत की गई। घटना के बाद घायल अवस्था में फैजान कैराना कोतवाली पहुंचा, जहां पुलिस ने उसका मेडिकल परीक्षण तो कराया, लेकिन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया। पीड़ित का कहना है कि उसने पुलिस अधीक्षक शामली से भी न्याय की गुहार लगाई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। आखिरकार पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कैराना पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए। न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## गुलशन नगर में रोजा इफ्तार पार्टी आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार देर शाम शहर के मोहल्ला गुलशननगर में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन बड़े उत्साह और भाईचारे के माहौल में किया गया। इस कार्यक्रम में हिन्दू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आपसी प्रेम, सद्भाव तथा देश की एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन मोहल्ला गुलशननगर निवासी समाजसेवी जावेद खान के आवास पर किया गया, जहां बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोगों और स्थानीय नागरिकों की मौजूदगी रही। इफ्तार पार्टी के दौरान सभी लोगों ने एक साथ रोजा खोला और एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। इस मौके पर समाजसेवी धर्मेंद्र कांबोज, दीपक सैनी, जुनेद खान, इमरान, उस्मान और इसरार सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी धर्मेंद्र कांबोज ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा और सौहार्द बढ़ता है।

उन्होंने कहा कि जब सभी धर्मों और जातियों के लोग एक साथ बैठकर भोजन करते हैं और खुशियां साझा करते हैं तो इससे समाज में एक सकारात्मक संदेश जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि देश की तरक्की के लिए जरूरी है कि हम सभी जाति-धर्म से ऊपर उठकर एकजुट होकर देश को मजबूत बनाने का संकल्प लें। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि समाज में नफरत और सौहार्द बिगाड़ने वाली ताकतों से दूर रहें तथा हमेशा आपसी भाईचारे और प्रेम को बढ़ावा दें। इफ्तार पार्टी के दौरान सौहार्दपूर्ण माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और सभी ने मिलकर एकता, भाईचारे और सामा. जिक सद्भाव का संदेश दिया।

## व्यापारी ने मंडी समिति पर लगाए अनियमितता के आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के मोहल्ला पंसारियान निवासी एक व्यापारी ने नवीन मंडी स्थल में कारोबार करने के लिए स्थान उपलब्ध कराने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। व्यापारी ने मंडी समिति के कुछ कर्मचारियों पर अनियमितताओं और सहयोग न करने के भी आरोप लगाए हैं तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

मोहल्ला पंसारियान निवासी मोबीन शाह और मोहसिन शाह द्वारा मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में बताया गया है कि नवीन मंडी स्थल में अतिक्रमण हटाने के नाम पर की गई कार्रवाई गलत तथ्यों के आधार पर की गई है। उनका कहना है कि जिस दुकान को लेकर विवाद बताया जा रहा है, उस पर टाइल अभय प्रताप के नाम की लगी हुई है, जबकि दुकान के बोर्ड पर इमरान फुरकान का नाम अंकित है। इस संबंध में उनके पास सभी आवश्यक प्रमाण मौजूद हैं, जिन्हें वे मंडी समिति के अधिकारियों को भी उपलब्ध करा चुके हैं। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि वर्तमान समय में वह स्वयं अस्पताल में भर्ती हैं, जबकि उनकी पत्नी का इलाज भी राजीव गांधी अस्पताल में चल रहा है। लगातार इलाज के चलते परिवार की आर्थिक स्थिति काफी खराब हो गई है, जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। उनका कहना है कि ऐसी परिस्थितियों में उन्हें कारोबार करने के लिए स्थान मिलना अत्यंत आवश्यक है।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी भाभी श्रीमति अनीता पत्नि स्व.यशपाल सिंह व भतीजा विशाल कुमार हमारे कहने सुनने में नही है और अनीता व विशाल कुमार से हमारे किसी भी परिवार के व्यक्ति का मिलना जुलना नही है। हमारा उनसे कोई सम्बन्ध नही है। यदि वह किसी से कोई लेन-देन करते है या कोई गलत कृत्य करते है तो उसके लिए अनीता व विशाल कुमार स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**अरूण कुमार, प्रताप सिंह, जगदेव, उदयवीर पुत्रगण राजाराम निवासीगण गढी अब्दुल्ला खां कच्ची गढी जिला शामली**

## जमालपुर की वारंटी महिला को ले गई अलीगढ़ पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र के जमाल. पुर गांव की निवासी एक महिला को अलीगढ़ पुलिस गिरफ्तार कर ले गई । बताया गया कि महिला व उसके पति के खिलाफ पैसे लेकर भागने के मामले में अलीगढ़ कोर्ट से वारंट जारी हुए थे।

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के थाना पिसावा के पुलिस उप निरीक्षक जितेंद्र धामा महिला पुलिस पूजा व अन्य पुलिस टीम के साथ झिंझाना थाने पहुंचे। यह पुलिस टीम जमाल. पुर गांव में पहुंची और एक महिला को गिरफ्तार कर अपने साथ अलीगढ़ ले गयी। पिसावा थाने की महिला थाना प्रभारी ने बताया कि महिला व उसके पति मोजी अलीगढ़ के पिसावा थाना क्षेत्र में कोल्हू पर काम करते थे और वहा से ढाई लाख रुपए लेकर भाग गए थे। सोमपाल द्वारा उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। अब ये दोनों पति-पत्नी मोजी व रेखा के कोर्ट ने वारंट जारी कर रखे है। इसलिए रेखा की आज गिरफ्तारी हुई है और मोजी कही बाहर बताया गया है।

# लोक अदालत में 1.97 लाख मामलों का हुआ निस्तारण

### 6,49,23,151.46 रुपये की धनराशि का हुआ सेटलमेंट




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली, माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के क्रम में शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर कैराना में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शामली इंदर प्रीत सिंह जोश ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान, पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी कैराना निधि भारद्वाज, न्यायिक अधिकारीगण, बैंक अधिकारी, अधिवक्ता तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया। लोक अदालत में प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय बृजेश शर्मा ने 24 मामलों का निस्तारण किया, जबकि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) सुरेन्द्र राय द्वारा 175 मामलों का निस्तारण किया गया। इसी प्रकार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो) सीमा वर्मा ने 5 मामले तथा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) रीतू नागर ने 1 मामले का निस्तारण किया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कैराना प्रशांत सिंह द्वारा 1008 मामलों का निस्तारण किया गया, जबकि सिविल जज (सीडी)/एसीजेएम शामली आंचल कसाना ने 1537 मामलों का समाधान कराया। सिविल जज (सीडी)/एसीजेएम कैराना आशीष काम्बोज द्वारा 848 मामले, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) शामली दिव्या चंद्रा द्वारा 980 मामले तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट शामली अमर प्रसाद द्वारा 1050 मामलों का निस्तारण किया गया। इसके अलावा सिविल जज जूनियर डिवीजन कैराना अंकित त्यागी ने 715 और अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन कोर्ट संख्या-1 कैराना शिवानी चौधरी द्वारा 622 मामलों का निस्तारण किया गया। जनपद शामली के सभी न्यायालयों द्वारा कुल 7361 मामलों का निस्तारण किया गया, जिनमें लगभग 74,54,515 रुपये की धनरा. शि का समझौता हुआ। इसके अलावा राजस्व न्यायालयों में 1,89,852 मामलों का निस्तारण किया गया तथा बैंक से संबंधित 457 प्री-लिटिगेशन मामलों का भी समाधान किया गया, जिसमें 5,74,68,636 रुपये की धन. राशि का सेटलमेंट हुआ। इस प्रकार जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शामली इंदर प्रीत सिंह जोश के मार्गदर्शन में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 1,97,670 मामलों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया और लगभग 6,49,23,151.46 रुपये की धनराशि का सेटलमेंट कराया गया।

कार्यक्रम के अंत में प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शामली आंचल कसाना ने राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अधिकारियों, अधिवक्ताओं और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

## शाह टाइम्स शामली में कार्यरत संवाददाताओं की सूची

**शाह टाइम्स समाचार पत्र में विज्ञापन, विज्ञप्ति, सूचना या समाचार आदि के लिए सम्पर्क करे।**

**shahtimesshamli441985@gmail.com**

| क्र.सं. | नाम | स्थान (पद) | मोबाइल नंबर |
|---|---|---|---|
| 1 | सुनील वर्मा | जिला प्रभारी शामली | 8630354443 9897943340 |
| 2 | मोहसीन रहमानी | संवाददाता कांधला | 7900300510 |
| 3 | हरेन्द्र मलिक | संवाददाता झिंझाना | 9758552640 |
| 4 | इनशाद राणा | संवाददाता चौसाना | 9756562666 |
| 5 | जयवीर सिंह (बब्लू) | संवाददाता थानाभवन | 8218012821 |
| 6 | समीउल्लाह खान | संवाददाता जलालाबाद | 9719215832 |
| 7 | सादिक चौधरी | संवाददाता बिडौली | 9719049885 |
| 8 | सालिम अंसारी | संवाददाता कैराना | 9557779014 |

जनपद शामली के नगर शामली व कस्बा एलम, गढ़ीपुख्ता, बनत, ऊन, बाबरी में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी को वरीयता दी जाएगी।

**जिला कार्यालय**

**पता- ओम प्लाजा मार्कीट, प्रथम तल निकट इलाहाबाद बैंक धीमानपुरा शामली**

**रमजान मुबारक**



छब्बीसवां रोजा

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.06 |
| | शिया | 4.59 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.29 |
| | शिया | 6.42 |

**मोमिन को शुक्र-सब्र और यकीन पर कायम रहना चाहिए।जो अल्लाह ने दिया है उस पर अल्लाह का शुक्र अदा करना चाहिए।हो सकता है बहुत से लोग उससे महरूम हों।जो नहीं है उस सब्र करना चाहिए कि इसमें भी अल्लाह की कुछ बहतराई हो सकती है।**

**कुरआन करीम**

# सीएम योगी ने किया पर्यटन कॉरीडोर की परियोजनाओं का निरीक्षण

## अक्टूबर माह में पूर्ण होने वाली पर्यटन विकास परियोजनाओं को शारदीय नवरात्रि तक मानक के साथ पूर्ण कराने के दिए निर्देश







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर/ बेहट।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माँ शाकुम्भरी देवी सिद्धपीठ मंदिर में निर्माणाधीन पर्यटन विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होने पर्यटन कॉरीडोर परियोजनान्तर्गत निर्माणाधीन सोविनयर शॉप, टॉयलेट ब्लॉक, टूरिस्ट फैलिलीटेशन सैन्टर, मण्टीलेवल पार्किंग की भौतिक प्रगति को देखा। इसके उपरान्त उन्होने भूरादेव एवं सिद्धपीठ माँ शाकम्भरी देवी मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यों को गुणत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराया जाए। उन्होने निर्देशित किया गया कि योजनाओं को निर्धारित तिथि तक पूर्ण करायें तथा अक्टूबर माह में पूर्ण होने वाली परियोजनाओं को शारदीय नवरात्रि तक पूर्ण मानक के साथ करायें। उन्होने कहा कि भूरा देव मंदिर से शाकम्भरी देवी मंदिर तक निर्माणाधीन ऐलिवेटिड रोड् का निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए।

निरीक्षण के दौरान राज्यमंत्री संसदीय कार्य एंव औद्योगिक विकास जसवंत सैनी, राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग ब्रजेश सिंह, विधायक नकुड मुकेश चौधरी, विधायक रामपुर मनिहारान देवेन्द्र निम, विधायक गंगोह किरत सिंह, विधायक नगर राजीव गुम्बर, मेयर डा.अजय सिंह, युवा नेता अभय राणा, एडीजी भानू भास्कर, मण्डलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक अभिषेक सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, पूर्व विधायक नरेश सैनी एवं संबंधित अधिकारियों सहित जिलाध्यक्ष अजीत राणा, महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई आदि लोग उपस्थित रहे।

**मुख्यमंत्री ने कहा- निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ समयबद्धता का रखा जाए ध्यान**

# मां शाकम्भरी देवी व भूरा देव का लिया आशीर्वाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबा भूरा देव एवं सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

शुक्रवार को मुख्यमंत्री मंत्री योगी आदित्यनाथ सिद्धपीठ शाकंभरी देवी आला अधिकारियों के साथ निरीक्षण करने पहुंचे। जहां उन्होने सिद्धपीठ माँ शाकम्भरी देवी मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की।

# राणा परिवार से मिले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट/ साढौली कदीम।** शनिवार को सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व विधायक रानी देवलता के परिवार से शिष्टाचार मुलाकात की।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर के व्यवस्थापक आतुल्य राणा, आदित्य प्रताप राणा की पत्नी, उनके बेटे सुयश प्रताप राणा और बेटी से भी भेंट की तथा पूर्व विधायक रानी देवलता का कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राणा परिवार के सभी सदस्यों से बातचीत की और उनके द्वारा मां शाकम्भरी देवी के चरणों में की जा रही सेवा की जानकारी ली।

गौरतलब है कि सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर की व्यवस्थाओं का संचालन लंबे समय से राणा परिवार द्वारा किया जाता रहा है।



मुख्यमंत्री के आगमन से क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। राणा परिवार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदय से आभार जताते हुए उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो की प्रशंसा की।

# दो पालियों में संपन्न हुई उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित कराई जाने वाली उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2025 परीक्षा आज दो पालियों में शांति एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई। इस दौरान जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने महानगर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

गौरतलब है कि प्रदेश शासन द्वारा 14 व 15 मार्च को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2025 परीक्षा करानी सुनिश्चित की गई थी। इसके चलते आज प्रथम दिन जनपद में दो पालियों में निर्धारित 25 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सम्पन्न कराई। इस दौरान जिला मैजिस्ट्रेट मनीष बंसल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह ने महानगर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा, परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाएं, सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता तथा पुलिस बल की तैनाती का गहनता से जायजा लिया गया। साथ ही परीक्षा को सकुशल, पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

परीक्षा के दौरान सभी सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, केन्द्र पर्यवेक्षक निर्धारित प्रक्रियानुसार परीक्षा के सफल संचालन एवं परीक्षा को सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्षता एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सजग दिखाई दिए।

सभी 25 केन्द्रों आर्य कन्या इण्टर कॉलेज खालापार मटियामहल, बीडी बाजोरिया इण्टर कॉलेज बेहट रोड, बीएचएस इण्टर कॉलेज मिशन कम्पाउण्ड, गौरी शंकर इन्द्रपाल सिंह इण्टर कॉलेज दिल्ली रोड, राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज लिंक रोड, राजकीय इण्टर कॉलेज कैलाशपुर, राजकीय इण्टर कॉलेज नेहरू मार्किट, गुरूनानक गर्ल्स इण्टर कॉलेज गांधी पार्क, गुरूनानक इण्टर कॉलेज अम्बाला रोड्, एचएवी इण्टर कॉलेज मातागढ कलसिया रोड्, इण्डस्ट्रीयल मुस्लिम गर्ल्स इण्टर कॉलेज आतिशबाजान कम्बोह का पुल, इस्लामिया इण्टर कॉलेज ईदगाह रोड, जेवी जैन इण्टर कॉलेज मातागढ कलसिया रोड, जेबीएस हिन्दू कन्या इण्टर कॉलेज रायवाला, गोचर महाविद्यालय रामपुर मनिहारान, जनता इण्टर कॉलेज अहमदपुर ब्राहम्ण पिलखनी अम्बाला रोड, महाराज सिंह कॉलेज चकरोता रोड, मुन्नालाल एण्ड जयनारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज चिलकाना रोड्, राजकीय इण्टर कॉलेज कमेला रोड्, एसबीबीए इण्टर कॉलेज नियर धोबी घाट, एसडी इण्टर कॉलेज चकरोता रोड्, एसएएम इण्टर कॉलेज नियर घण्टाघर देहरादून रोड्, एसबीपी राजकीय गर्ल्स पोलिटेक्निक देहरादून रोड कुम्हारहेडा कैलाशपुर, श्री दिगम्बर जैन कन्या इण्टर कॉलेज छत्ता बारूमल एवं सियाराम इण्टर कॉलेज दिनारपुर गागलहेड़ी में दोनों पालियों परीक्षा निर्विघ्न, पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराई गई।

# मां शाकम्भरी मेले में पार्किंग में न हो अवैध वसूली: योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मां शाकम्भरी देवी चैत्र नवरात्र मेले की तैयारियों के संबंध में की समीक्षा, दिए जरूरी दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर/बेहट।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद भ्रमण के दौरान सिद्धपीठ माँ शाकम्भरी देवी मंदिर प्रवेश द्वार एवं निर्माणाधीन पर्यटन सुविधा केन्द्र स्थल पर माँ शाकम्भरी देवी मेला चैत्र नवरात्र की तैयारियों के संबंध में समीक्षा की एवं पीपीटी के माध्यम से शाकम्भरी देवी परिसर समेकित पर्यटन विकास परियोजनाओं की जानकारी ली।

मण्डलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार एवं पुलिस उप महानिरीक्षक अभिषेक सिंह ने पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 19 मार्च से प्रारम्भ होने वाली चैत्र नवरात्रि के अवसर पर सुरक्षा, स्वच्छता एवं सुव्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होने कहा कि मेले में जिन कार्मिकों की ड्यूटियां लगाई जा रही है उनकी काउंसलिंग की जाये और उन्हें बेहतर व्यवहार के लिए सजग किया जाए। मेला परिसर को सीसीटीवी से आच्छादित किया जाए। बिना भेदभाव हर किसी की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। सुरक्षा के दृष्टिगत एंटी रोमियो स्क्वाड सक्रियता से कार्य करे। परम्परा के विपरीत कार्य करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जाए। सुरक्षा के दृष्टिगत सिविल डिफेन्स एवं एनजीओ को भी जोडा जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूकता की आवश्यकता है। उन्होने सफाई कर्मियों के साथ भी बैठक करने के निर्देश दिए। डम्पिंग स्थल का चयन दूर क्षेत्र में किया जाए। प्लास्टिक को बैन किया जाए। जागरूकता कार्यक्रमों को आयोजित किया जाए। पुरूष एवं महिलाओं के लिए अलग-अलग प्रसाधन की व्यवस्था की जाए।

मेले को सुव्यवस्थित सम्पन्न करवाने के लिए भीड प्रबंधन के दृष्टिगत कार्य किए जाए। श्रद्धालुओं को शुद्ध पेयजल एवं अच्छी गुणवत्ता का भोजन तथा प्रसाद मिले जिसमें किसी प्रकार की मिलावट न हो। इसको सुनिश्चित किया जाए। पार्किंग की दर निर्धारित हो जोकि साधारण रखी जाए। अवैध वसूली न होने पाए इसका विशेष ध्यान रखा जाए। ई-रिक्सा, ऑटो के साथ ही दुकानदारों का भी सत्यापन करा लिया जाए।

सरकार के विभागों के होर्डिंग, प्रदर्शनी एवं एलईडी वाहन के माध्यम से योजनाओं की जानकारी सहित प्रचार-प्रसार किया जाए। निर्बाध विद्युत की व्यवस्था रहे।

चैत्र नवरात्रि में लगने वाले मेले की व्यवस्थाएं अच्छी हों इसको ध्यान में रखकर तैयारियां की जाए। यह एक पौराणिक मेला है जिसमें देश के विभिन्न राज्यों एवं जनपदों से श्रद्धालु आते है। दर्शनार्थी भक्तगणों के मध्य सरकार का बेहतर संदेश प्रसारित हो।

बैठक में राज्यमंत्री संसदीय कार्य एंव औद्योगिक विकास जसवंत सैनी, राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग ब्रजेश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, महापौर डॉ. अजय सिंह, विधायक नकुड मुकेश चौधरी, विधायक रामपुर मनिहारान देवेन्द्र निम, विधायक गंगोह किरत सिंह, विधायक नगर राजीव गुम्बर, एडीजी भानू भास्कर, मण्डलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक अभिषेक सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, एसपी देहात सागर जैन, पूर्व विधायक नरेश सैनी, युवा नेता अभय राणा एवं संबंधित अधिकारियों सहित जिलाध्यक्ष अजीत राणा, महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई उपस्थित रहे।





**होर्डिंग, प्रदर्शनी एवं एलईडी वाहन के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का हो प्रचार-प्रसार**

**मुख्यमंत्री ने कहा**

- **सुरक्षा, स्वच्छता एवं सुव्यवस्था पर दिया जाए विशेष ध्यान**
- **मेला परिसर को सीसीटीवी से किया जाए आच्छादित एंटी रोमियो स्क्वाड सक्रियता से करे कार्य**
- **स्वच्छता के लिए आमजनों का जागरूक होना जरूरी, मेले को प्लास्टिक मुक्त कराएं सम्पन्न श्रद्धालुओं को शुद्ध पेयजल,**
- **अच्छी गुणवत्ता का भोजन तथा प्रसाद मिले, न हो किसी प्रकार की मिलावट**

# झगड़े की सूचना पर दौड़ी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर के मोहल्ला मजहर हसन में एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच झगडे की सूचना पर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंची एएसपी सिमरन ने तीन का शान्तिभंग चालान किया वहीं एक अन्य को भी शान्तिभंग करने के आरोप में न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार चिलकाना नगर के मोहल्ला मजहर हसन में एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच हुए झगड़े की सूचना पर पुलिस फोर्स के साथ एएसपी सिमरन सिंह मौके पर पहुंची। जहां पुलिस को देखते ही झगडा कर रहे इधर उधर दौड़ने लगे। पुलिस ने मौके से तीन युवकों सोहेल पुत्र इरशाद, अदनान पुत्र अब्दुल अजीज व नोमान पुत्र अब्दुल अजीज को गिरफ्तार कर शान्तिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी। वहीं एक अन्य मामले में कुसमचन्द निवासी ग्राम नन्हेडा को भी शान्तिभंग करने के आरोप में कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

थाना पुलिस ने क्षेत्र में सभी लोगों से शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील करते हुए सहयोग किये जाने की अपील की है।

## वाहन चोर दबोचा

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने सन्नी पुत्र अनिल निवासी ग्राम शब्बीरपुर थाना बड़गांव को जिला अस्पताल के पीछे पम्प के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरा.पी के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद कर ली। आरोपी को आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया।

# जूनियर खेल प्रतियोगिताओं का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पुरस्कार वितरण के साथ ही जिला स्तरीय जूनियर खेल प्रतियोगिताओं का समापन हो गया।

डा. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी संदीप पुंडीर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। जिला स्तरीय जूनियर कबड्डी बालक वर्ग में श्री गांधी वैदिक इंटर कॉलेज चंदेना की टीम विजेता तथा हरी कॉलेज गागरेड़ी की टीम उपविजेता रही। जूनियर वॉलीबॉल बालक वर्ग में हर्ष मॉडर्न पब्लिक स्कूल नानौता की टीम विजेता और गांगनौली सहारनपुर की टीम उपविजेता रही। जूनियर हैंडबॉल बालक वर्ग में ज्ञानकलश इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बीएएम इंटर कॉलेज की टीम उपविजेता रही। जूनियर टेबल टेनिस बालक वर्ग में उदयमान, वाशू, इकनोर, कर्मव, कुनाल और राघव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि अभिनव, ईशान पारले, अर्नव और कान्हा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर टेबल टेनिस बालिका वर्ग में डिंपल, साक्षी, तुलसी, मुद्रिका, वंशिका और तन्वी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। साक्षी देवी, रूडिका, दिव्या, वर्णिका, परी और राशि द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि आरती, तमन्ना, कृतिका, तन्नु, कर्निका, आरोही, अंशिका, सारिका और वीरा ने तृतीय स्थान हासिल किया। जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ में आर्यन प्रथम, आदित्य द्वितीय और विराज तृतीय रहे। 200 मीटर में अरनव प्रथम, शहजाद द्वितीय और सुफियान तृतीय रहे। 400 मीटर में प्रिंस प्रथम, नमन द्वितीय तथा उदय प्रताप तृतीय रहे। 800 मीटर में कर्ण प्रथम, निखिल द्वितीय और अश्वनी कुमार तृतीय रहे।

1500 मीटर में विशाल प्रथम, सन्नी द्वितीय तथा राजन तृतीय रहे। 3000 मीटर में साहिब प्रथम, गोविंद द्वितीय और भानु प्रताप सिंह तृतीय रहे। फील्ड स्पर्धाओं में जैवलिन थ्रो में अंशुल प्रथम, विश्वजीत द्वितीय और लविश राणा तृतीय रहे। लॉन्ग जंप में आदित्य प्रथम, कान्हा द्वितीय और प्रिंस कुमार तृतीय रहे। हाई जंप में मयंक प्रथम, हर्ष सैनी द्वितीय और आकाश तृतीय रहे। शॉटपुट में देवांश प्रताप प्रथम, साहिद द्वितीय और वैभव शर्मा तृतीय रहे। डिस्कस थ्रो में विशेष कुमार प्रथम, आदित्य चोपड़ा द्वितीय और आयुष तृतीय रहे। 400 मीटर हर्डल में तरुण प्रीत सिंह प्रथम, तेजस सिंह द्वितीय और नेन्सु तृतीय स्थान पर रहे। जिला स्तरीय भारोत्तोलन बालिका वर्ग में विभिन्न भार वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 42 किग्रा वर्ग में निशा प्रथम, अश्वी द्वितीय तथा सलोनी और वीरा तृतीय रहीं। 46 किग्रा वर्ग में अवनी चौधरी प्रथम और केविना द्वितीय रहीं। 48 किग्रा वर्ग में प्राची प्रथम और रिया द्वितीय रहीं। 58 किग्रा वर्ग में प्रिया प्रथम तथा शगुन द्वितीय रहीं। 63 किग्रा वर्ग में मानवी प्रथम और आरती द्वितीय रहीं। 69 किग्रा वर्ग में प्राची प्रथम तथा कनिका द्वितीय रहीं। 77 किग्रा वर्ग में सलोनी प्रथम और सारिका द्वितीय रहीं। 88 किग्रा वर्ग में वंशिका प्रथम तथा पलक द्वितीय रहीं। 86 किग्रा वर्ग में सिमरन प्रथम और नंदनी द्वितीय रहीं।

इस अवसर पर ईश्वर पाल सिंह, सुनील कुमार , अविनाश बालियान, शिव कुमार राणा , गौरव चौहान, यशपाल पुंडीर, अब्दुल रहमान, शिव नंदन, अश्वनी कुमार श्रीवास्तव, बृजेश कुमार, धर्मेन्द्र प्रताप, आदेश, जयेन्द्र कुमार, पुनीत कुमार आर्य, गौरव, सन्नी कुमार, सुप्रिया रानी सहित अनेक खेल प्रेमी उपस्थित रहे।






















